हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# सोसाइटियों से डीएपी गायब

## खुले बाजार में भी कृत्रिम संकट एनपीके, ग्रोमोर जैसी खाद थमाई जा रही, उसकी भी कीमत ज्यादा

### अन्य खाद के मुकाबले दाम कम

बाजार में उपलब्ध अन्य खाद के मुकाबले डीएपी के दाम काम होते हैं। डीएपी में किसानों को अधिक सब्सिडी भी मिलती है, वहीं एनपीके में सब्सिडी कम होती है। जिसकी वजह से भी डीएपी की मांग बढ़ी हुई है, लेकिन डीएपी खाद की सप्लाई नहीं होने के चलते किसानों को महंगे दाम पर अन्य उर्वरक लेने पड़ रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव/ गरियाबंद/ मैनपुर/राजिम/धमतरी/ भानुप्रतापपुर

मानसून आगमन के साथ किसानों ने खेतों का रुख कर लिया है, लेकिन सोसाइटियों में डीएपी की कमी ने किसानों को मायूस कर दिया है। उनको खुले बाजार में ज्यादा कीमत पर खाद की खरीदी करनी पड़ रही है। यह भी कहा जा रहा है कि कहीं कहीं डीएपी के साथ जबरिया दूसरी खाद भी लेनी पड़ रही है। कई निजी कृषि केंद्रों में भी कारोबारियों ने डीएपी का कृत्रिम संकट पैदा कर रखा है। अभी रोपा-बियासी के समय थोक में खाद की जरूरत होगी, ऐसे में ▶▶| शेष पेज 7 पर

### धमतरी में खाद की हो रही जमकर जमाखोरी

धमतरी की सोसाइटियों में खाद उपलब्ध है। यहां के व्यापारी अब जमाखोरी में लगे हुए हैं। अधिकांश दुकानों में डीएपी नहीं बेची जा रही है, जबकि कुछ रासायनिक दुकानों में डीएपी एनपीके तथा यूरिया को लदान के साथ अधिक दाम में बेचा जा रहा है। शहर की रासायनिक खाद दुकानों में हरिभूमि की टीम ने खाद के दाम की पड़ताल की। पुरानी कृषि उपज मंडी के पास अधिकांश दुकानों ▶▶| शेष पेज 7 पर



### किसान मजबूरी में लादन ले रहे हैं

गरियाबंद की सहकारी समितियों में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान निजी दुकानों में खाद लेने आ रहे हैं। जिले में 1 लाख 4 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि पर किसान खरीफ लगा रहे हैं। यहां डीएपी लेने आए किसान मजबूरी में लादन ले रहे हैं। लादन यानी डीएपी के साथ दूसरी खाद लेने की मजबूरी है। फसलों की बोवाई ▶▶| शेष पेज 7 पर

### फायदा उठा रहे व्यापारी

कांकेर के भानुप्रतापपुर की सोसायटियों में डीएपी को छोड़कर अन्य खाद का स्टॉक है। महंगे दाम में बेच रहे व्यापारी सोसायटियों में डीएपी खादी की कमी होने का पूरा फायदा व्यापारी उठा रहे हैं। डीएपी खाद को निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बेच रहे हैं। बावजूद इसके किसान महंगे दाम पर भी डीएपी की खरीदारी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सोसायटियों में डीएपी 1350 एवं एनपीके 20-20-13 12 सौ रुपए प्रति बोरी की दर से मिल रही है, जबकि यही खाद 16 से 18 सौ रुपए प्रति बोरी की दर से व्यापारी बेच रहे हैं। भानुप्रतापुर के किसान जय राम चीचगाव निवासी एवं चमार सिंह ने बताया प्राइवेट दुकानों पर काफी महंगी खाद की बोरी मिल रही है। सरकारी समितियों पर खाद लेने के लिए चार दिन चक्कर लगाने के बाद भी नहीं मिल पाया। प्राइवेट दुकान में डीएपी 16 सौ से 17 सौ रुपए मिल रही है।




## पेशे से सीए के साथ शेफ का कोर्स कर रही थी युवती

# स्टार होटल में हत्या, युवती को मारकर युवक ट्रेन से कटा, परिजनों ने की तोड़फोड़

### मृतका भाजपा नेता की भतीजी, गला घोंटकर हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवती की लाश मिलने के कुछ घंटे पूर्व जीआरपी पुलिस ने उरकुरा के पास वाणी के पुरुष मित्र विशाल कुमार गर्ग की लाश बरामद की है। विशाल ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी की है। मृतका सूरजपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल गोयल की भतीजी थी। उसके ताऊ सुरेश गोयल रायपुर में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर हैं। वाणी के पिता अशोक गोयल गल्ला-किराना के थोक कारोबारी हैं। नाराज परिजनों ने होटल में जमकर तोड़फोड़ की है।

पुलिस के अनुसार वाणी सरस्वती नगर थाना क्षेत्र स्थित मारुति लाइफ स्टाइल में किराए से रहती थी। समता कॉलोनी में वह किसी निजी इंस्टीट्यूट में शेफ का 21 दिन का कोर्स करने के लिए आई थी। परिजनों के मुताबिक उनकी वाणी से शनिवार को दोपहर 3 बजे के करीब आखिरी बार बात हुई। वाणी से जब बात हुई तो उसने अपने परिजनों को खाना खाने जाने की बात कही। उसके बाद से वाणी का मोबाइल नंबर स्वीच ऑफ हो गया।

*गंज थाना क्षेत्र में जेल रोड स्थित बेलीलॉन इन होटल में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी मच गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने युवती की गला घोंटकर हत्या करने की आशंका व्यक्त की है। मृतका की पहचान अंबिकापुर निवासी वाणी गोयल के रूप में हुई है।*

#### कैब बुक कर होटल पहुंची

वाणी का मोबाइल बंद होने के बाद परिजनों ने उसकी एक सहेली को कॉल किया। सहेली ने परिजनों को बताया कि वाणी शुभम मार्ट के पास से कैब बुक कर गई है। इसके बाद वाणी के परिजनों ने कैब चालक का नंबर हासिल कर उससे ▶▶| शेष पेज 7 पर



#### विशाल ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

जीआरपी को रविवार तड़के 4 बजे उरला के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर खुदकुशी करने की जानकारी मिली। मृतक की पहचान विशाल के रूप में हुई। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या करने के बाद दहशत में आकर युवक ने होटल में कमरे को बंद कर युवती की मोबाइल ट्रेन में फेंकने के बाद खुदकुशी कर ली।

#### होटल प्रबंधन ने पुलिस को कहा- नकली पुलिस

बदसलूकी की घटना के बाद परिजन अपने साथ सरस्वती नगर थाने के साथ क्राइम ब्रांच की टीम को साथ शनिवार रात करीब 11 होटल पहुंचे। होटल पहुंचने पर पुलिस ने युवती के संबंध में पूछताछ की तो होटल प्रबंधन ने किसी भी तरह के सीसीटीवी फूटेज दिखाने से इनकार करते हुए होटल में कौन-कौन रुके हैं, इसकी भी सूची देने से इनकार कर दिया। साथ ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### दोपहर पौने दो बजे होटल में मिले फूटेज

घटना के बाद पुलिस ने होटल से डीवीआर जब्त कर अपने कब्जे में ले ली है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को होटल का एक सीसीटीवी फूटेज मिला है, जिसमें विशाल तथा वाणी दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर होटल के अंदर दाखिल होते दिख रहे हैं, तब वाणी के हाथ में एक सफेद रंग का पर्स दिख रहा है। वाणी के परिजनों के मुताबिक, वाणी के होटल में होने की आशंका होने पर रात ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### गुमराह करने मोबाइल को ट्रेन में फेंका

वाणी के परिजनों के मुताबिक रात 11 बजे के बाद लड़की के नंबर पर कॉल किया, तब मोबाइल चालू हो गया था, लगातार कॉल करने के बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा था। नंबर ट्रेस करने पर लोकेशन महाराष्ट्र नागपुर के पास होने पाया गया। आधी रात 2 से 3 बजे कॉल करने पर आरपीएफ ने कॉल रिसीव किया। आरपीएफ ने बताया कि ट्रेन में लावारिस हालत में मोबाइल मिला है। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या करने के बाद विशाल ने गुमराह करने मोबाइल को ट्रेन में फेंक दिया होगा।

## अभिषेक ने रिकॉर्ड दूसरे मैच में ही जड़ा टी20 शतक




100 रन बनाए

47 गेंदें खेले

212.76 का स्ट्राइक

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत के उभरते स्टार अभिषेक शर्मा ने सबसे कम मैचों में शतक बनाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रिकॉर्ड बना दिया है। अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में रविवार को अपने दूसरे ही मैच में 46 गेंदों पर 100 रन बनाए। वो अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू के बाद सबसे जल्दी पहला शतक लगाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इससे पहले दीपक हुड्डा ने तीसरे मैच में शतक जड़ा था, जिनका रिकॉर्ड टूट गया है।

#### चौकों-छक्कों की बारिश

अभिषेक ने इस मुकाबले में 8 छक्के और 7 चौके जमाए। अभिषेक इस मैच में 47 गेंदों पर 100 रन बनाकर आउट हुए। उनका स्ट्राइक रेट 212.76 का रहा। जबकि अपने डेब्यू इंटरनेशनल मुकाबले में अभिषेक खाता भी नहीं खोल सके थे।


#### सबसे तेज शतक

| गेंद | खिलाड़ी | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 35 | रोहित शर्मा | श्रीलंका | 2017 |
| 45 | सूर्यकुमार | श्रीलंका | 2023 |
| 46 | केएल राहुल | वेस्टइंडीज | 2016 |
| 46 | अभिषेक शर्मा | जिम्बाब्वे | 2024* |

## खबर संक्षेप

### 6145 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू से रविवार तड़के अमरनाथ यात्रा के लिए 6,145 तीर्थयात्रियों का दसवां जत्था 238 वाहनों के दो काफिलों में जम्मू भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। एक सौ पंद्रह वाहनों के पहले काफिले में 2,697 तीर्थयात्री हैं। यह गंदेरबल जिले के बालटाल आधार शिविर के लिए तड़के करीब तीन बजकर 10 मिनट पर रवाना हुआ।



### भाजपा अध्यक्ष ने रघुनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को यहां ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में दर्शन किए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व जम्मू कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ तथा सांसद जुगल किशोर और पूर्व मंत्री प्रिया सेठी ने नड्डा का मंदिर में स्वागत किया। नड्डा भाजपा की 'विस्तारित कार्यसमिति बैठक' में भाग लेने शनिवार दोपहर जम्मू पहुंचे।



### बस खाई में गिरी दो बच्चों की मौत

**सूरत।** गुजरात के डांग जिले के सापूतारा घाट पर रविवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां 65 यात्रियों से भरी बस खाई में जा गिरी। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई घायल है। हादसे की सूचना मिलने पर सापुतारा पुलिस और 108 दस्ता मौके पर पहुंचा।घायलों को सापूतारा और डांग के अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### ऑटोरिक्शा और ट्रक के बीच टक्कर, तीन की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक ऑटोरिक्शा और ट्रक के बीच टक्कर होने से तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना शनिवार दोपहर को महाराष्ट्र-तेलंगाना सीमा के पास स्थित धर्माबाद तालुका में हुई थी। इस दुर्घटना में ऑटोरिक्शा चालक शेख मुजीब शेख बाबूमियां (44), गणेश अशोक मुरारी (21) और पिराजी लक्ष्मण अडकेकर (50) की मौत हो गई।



## छत्तीसगढ़ से जुड़े तीन राज्यपालों का कार्यकाल इसी महीने खत्म

रमेश बैस हरिचंदन और अनुसुईया के 5 साल पूरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ से जुड़े तीन राज्यपालों का कार्यकाल इसी महीने यानी जुलाई में समाप्त होने जा रहा है। इनमें छत्तीसगढ़ के मौजूदा राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का कार्यकाल जुलाई में खत्म होगा। वहीं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और छत्तीसगढ़ में राज्यपाल रहीं और वर्तमान में मणिपुर की राज्यपाल अनुसईया उइके शामिल हैं। श्री हरिचंदन ओडिशा से हैं और अनुसईया उईके पड़ोसी मप्र से हैं। राज्यपाल का कार्यकाल पांच साल का होता है।

#### विश्वभूषण हरिचंदन

छत्तीसगढ़ के मौजूदा राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने 23 फरवरी 2023 के यहां राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया था। वे वर्तमान में अपने पद पर आसीन हैं। इससे पहले वे आंध्रप्रदेश के राज्यपाल के रूप में भी काम कर चुके हैं। आंध्रप्रदेश में राज्यपाल के रूप में उनकी नियुक्ति 13 जुलाई 2019 में हुई थी। वे 12 फरवरी 2023 तक वहां राज्यपाल रहे। इसके बाद जब ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### बैस बने थे 2019 में त्रिपुरा के राज्यपाल

रमेश बैस छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है। वे यहां कई बार सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री रहे हैं। श्री बैस को पहली बार 9 जुलाई 2019 में त्रिपुरा का राज्यपाल बनाकर भेजा गया था। वे वहां 13 जुलाई 2021 तक रहे। इसके बाद वे 14 जुलाई 2021 को झारखंड के राज्यपाल बनाए गए। वहां ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### अनुसईया उईके

सुश्री अनुसईया उईके वर्तमान में मणिपुर की राज्यपाल हैं। इससे पहले वे 29 जुलाई 2019 को पहली बार छत्तीसगढ़ की राज्यपाल बनीं थी। राज्य में उनका कार्यकाल 23 फरवरी 2023 तक रहा। इसके बाद उन्हें मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया। वे 12 फरवरी 2023 से मणिपुर की राज्यपाल के रूप में कार्यकर रही है। इसी महीने की 29 ▶▶| शेष पेज 7 पर

किस्टारम थाना क्षेत्र में वारदात

## आत्मसमर्पित नक्सली बारसे की हत्या कर फेंका पर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

आत्मसमर्पित नक्सली बारसे मासा की हत्या नक्सलियों ने कर दी है। नक्सलियों ने धारदार हथियार से बारसे मासा की हत्या कर दी। इसी वर्ष उसने आंध्रप्रदेश के विशाखापटनम में अन्य नक्सलियों ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### मासा पर लगाए आरोप

नक्सलियों ने धारदार हथियार से बारसे मासा की हत्या कर नक्सली संगठन को नुकसान पहुंचाने तथा अन्य आरोप लगाते हुए घटना स्थल के पास पर्चा और हथियार फेंका है। इस घटना को अंजाम देने की जिम्मेदारी किस्टारम एरिया कमेटी ने ली है।

## एसआईटी का नया खुलासा, मंच से किया गया था 'चरण रज' लेने का एनाउंसमेंट

एजेंसी ▶▶| आगरा/हाथरस

हाथरस भगदड़ को लेकर जांच शुरू हो गई है। पुलिस, न्यायिक आयोग अपने-अपने तरीके से पूछताछ कर रही है। इस बीच, एसआईटी जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। दो सदस्यीय जांच टीम हाथरस के डीएम-एसपी सहित अब तक सौ से अधिक लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। यह भी तथ्य सामने आया कि मंच से चरणरज लेने को अनाउंसमेंट किया गया जिसके बाद भगदड़ मची।

उत्तर प्रदेश सरकार के न्यायिक आयोग के दल ने ▶▶| शेष पेज 7 पर



#### अब तक सौ से अधिक लोगों के बयान दर्ज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी भी जांच कर रहा है। दो सदस्यीय टीम हाथरस के डीएम-एसपी सहित अब तक सौ से अधिक लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। इसमें सेवादार, घायल और अनुयायियों के साथ ही आसपास के ग्रामीण भी शामिल हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसआईटी का नेतृत्व कर रहे हैं। भगदड़ में साजिश के पहलू को खारिज नहीं किया है।

#### भीड़ में खोल दिए थे जहरीली गैस इससे दम घुटा

साकार हरि बाबा के वकील एपी सिंह ने रविवार को बताया कि हादसा बाबा की बढ़ती लोकप्रियता के खिलाफ एक साजिश है। हादसे के गवाहों ने उनसे संपर्क किया। गवाहों को कहना है कि 15-16 लोग जहरीली गैस के डिब्बे ले जा रहे थे, जिन्हें उन्होंने भीड़ में खोल दिया था।

### अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप 'पिक्सल' की नई योजना

# उपग्रह खींचकर देगा आपके आंगन की तस्वीर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्या आप अपने घर के आंगन की उपग्रह से तस्वीर लेना चाहते हैं? यह जल्द ही संभव हो सकता है। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप 'पिक्सल' की एक ऐसा ऑनलाइन सॉफ्टवेयर लाने की योजना है जिससे आप उसके उपग्रहों द्वारा पृथ्वी की खींची गयी तस्वीरों को देख सकते हैं। 'पिक्सल स्पेस' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सह-संस्थापक अवैस अहमद ने बताया कि पृथ्वी निगरानी स्टूडियो शुरू करना अंतरिक्ष आधारित डेटा को बेहद कम शुल्क पर आम आदमी तक ▶▶| शेष पेज 7 पर



#### शकुंतला और आनंद उपग्रह प्रक्षेपित

पिक्सल स्पेस ने पृथ्वी की तस्वीरें खींचने के लिए दो उपग्रह शकुंतला और आनंद प्रक्षेपित किए हैं। उसकी इस साल तक छह उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना है। इस स्टार्टअप की अगले साल 18 और उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना है।

#### कैसे मिलेगी तस्वीर

'औरोरा' के उपयोगकर्ता डेटाबेस में पहले से उपलब्ध उपग्रह से ली गयी तस्वीरों को देख सकते हैं या पृथ्वी की निचली कक्षा में चक्कर लगा रहे पिक्सल के उपग्रहों को 'कोई विशेष तस्वीर खींचने' का जिम्मा दे सकते हैं। अहमद ने कहा, मान लो, मैं अगले एक-दो सप्ताह में चिकमंगलुरु की एक तस्वीर चाहता हूं। यह काम हमारे उपग्रहों को सौंपा जाएगा और जब आप इसके लिए भुगतान करेंगे तो वे यह तस्वीर आपको उपलब्ध करा देंगे।

#### इधर, सीमाओं पर होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी

भारतीय वायुसेना अगले वर्ष के मध्य तक उपग्रह लांच कर सकती है। इससे देश की सीमाओं की निगरानी करने की वायुसेना की क्षमता में इजाफा होगा। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप पिक्सल स्पेस ने मल्टी पेलोड उपग्रहों की आपूर्ति के लिए वायुसेना के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। आइडीईएक्स के तहत यह करार किया गया है। इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस (आइडीईएक्स) का उद्देश्य उद्योग को शामिल करके रक्षा और एयरोस्पेस के लिए ▶▶| शेष पेज 7 पर

# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY

(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**RESEARCH**
Ph.D.

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:

- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?

- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**

Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

## +91-9907252100

www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations

**KALSEE/KAL-MAT**

रायपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया | वर्ष : 22, अंक : 350 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में जनसैलाब

- देशभर में मनाया गया उत्सव, दर्शन के लिए लोगों की लगी रही भीड़
- रायपुर में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पूरी की रस्म

राष्ट्रपति ने किए दर्शन



प्रयागराज में दिखा उत्साह



अहमदाबाद में उमड़ी भीड़





रायपुर। पुरी, रायपुर समेत देशभर में रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। रायपुर की ऐतिहासिक पुरानीबस्ती के अलावा प्रमुख मंदिरों में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी रही। धूमधाम से निकाली गई रथयात्रा में उत्साह भी देखने लायक था। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ सभी प्रमुख मंदिरों में देखने को मिली। गायत्रीनगर मंदिर में सुबह 11 बजे से पहले भगवान का पारंपरिक रूप से पूजन-श्रृंगार किया गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित कई दिग्गज शामिल हुए। गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा व वेदाचार्य गुरुजी सदन तिवारी के मार्गदर्शन में पूजा-अर्चना शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गड़बड़ी मिलने पर दोबारा होगी सीयूईटी-यूजी



**नई दिल्ली।** नीट-यूजी परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर एनटीए भी सवालों के घेरे में है। एनटीए का कहना कि अगर अभ्यर्थियों की कोई भी शिकायत सही पाई गई तो 15 से 19 जुलाई के बीच सीयूईटी-यूजी परीक्षा का आयोजन होगा। एनटीए द्वारा स्नातक प्रवेश परीक्षा के लिए उत्तर कुंजी भी जारी की है।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करों के खिलाफ एक्शन




**अगरतला।** सीमा सुरक्षा बल ने मानव तस्करों और दलालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर संवेदनशील चौकियों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। बांग्लादेश सीमा रक्षकों के साथ हुई वार्ता के दौरान उन्हें बांग्लादेशी अपराधियों की सूची समेत दस्तावेज सौंपे गए।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर डंपर ने सात वाहनों को टक्कर मारी



**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कम से कम सात वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने बताया कि कुन्फर के पास हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। डंपर जम्मू की ओर से आ रहा था। इसकी रफ्तार तेज रहने के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और सात वाहनों को टक्कर मार दी।

### एनडीआरएफ ने रिसॉर्ट में फंसे 49 का किया रेस्क्यू



**मुंबई।** भारी बारिश के कारण जलमग्न हुए एक रिसॉर्ट में फंसे 49 लोगों और पालघर के 16 ग्रामीणों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एनडीआरएफ ने शाहपुर क्षेत्र में स्थित रिसॉर्ट में फंसे लोगों को बचाने के लिए नावों और 'लाइफ जैकेट' का इस्तेमाल किया।

### एनआईएमएस की डॉक्टर ने की खुदकुशी



**हैदराबाद।** राजकीय निजाम्स इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (एनआईएमएस) में कार्यरत 46 वर्षीय एक चिकित्सक ने यहां स्थित अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। चिकित्सक अस्पताल के एनेस्थीसिया विभाग में प्राध्यापक थी और संदेह है कि उसने पांच जून को स्वयं को एनेस्थीसिया का इंजेक्शन लगा लिया।

कश्मीर में दो दिन चली बड़ी कार्रवाई, राजौरी में आर्मी कैंप में हमले में जवान घायल

# सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन, दो मुठभेड़ों में छह आतंकी ढेर, दो जवान भी शहीद

## पहली मुठभेड़ मोदरगाम गांव और दूसरी फ्रिसल चिनिगाम गांव में हुई

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर


जम्मू-कश्मीर में मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से रविवार को चार शव बरामद किए गए। कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को मुठभेड़ शुरू हुई थी। चार आतंकवादियों की पहचान की गई है। इनमें अवडोरा, कुलगाम के तौहीद अहमद राथर, दसंद कुलगाम के जाहिद अहमद डार, रेडवानी कुलगाम के यावर बशीर डार और खुरी बटपोरा, कुलगाम का शकील अहमद वानी है।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। अभियान के बारे में बताते हुए जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया करना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है। ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं। स्वैन ने कहा कि अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी। स्वैन ने कहा कि एक मुठभेड़ पूरी हो चुकी है और एक जगह मुठभेड़ चल रही है। इधर, मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के जवान प्रभाकर जंजाल का अंतिम संस्कार महाराष्ट्र शेष पेज 7 पर

- गांव पहुंचने पर आतंकियों ने अचानक कर दी फायरिंग


*दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में दो अलग-अलग जगहों पर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। 24 घंटे से अधिक चले ये ऑपरेशन छह आतंकियों की मौत के साथ पूरे हुए। सेना ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में दोनों अभियानों में 6 आतंकवादियों को मार गिराया। हालांकि इन दोनों ऑपरेशन के दौरान दो जवानों की शहादत हुई है।*

- अफसरों का दावा कश्मीर में आतंक का जल्द होगा खात्मा



शहीद





### लगातार हो रहे आतंकी हमले

गौरतलब है कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी घटनाएं सामने आई हैं। इससे पहले 27 जून को, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंदोह, भद्रवाह सेक्टर में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था। पिछले महीने, 9 जून की शाम को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादी हमले के बाद तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई थी, जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी और 33 अन्य घायल हो गए थे।

### सेना के पोस्ट पर फायरिंग

जम्मू कश्मीर के राजौरी में सेना के शिविर पर आतंकवादी हमले एक और घटना सामने आई है। मांझकोट क्षेत्र के ग्लूटी गांव में आतंकियों ने सेना के पोस्ट पर तैनात जवान पर फायरिंग की।

### मूवमेंट हो रही ट्रैक

फ्रिसल में मुठभेड़स्थल पर पहुंचे आईजी बीके बिर्दी ने बताया कि सुरक्षाबलों की ओर से आतंकियों की मूवमेंट को लगातार ट्रैक किया जा रहा है।



### हिजुबल के टीआरएफ गुट से जुड़े थे आतंकी

मुठभेड़ स्थल से चार आतंकियों के शव बरामद हुए हैं। उनके कब्जे से तीन एके 47 और एक पिस्तौल बरामद की गई है। सूत्रों के अनुसार ये आतंकी हिजबुल मुजाहीदीन के गुट टीआरएफ से जुड़े हुए थे। आतंकियों की पहचान यावर बशीर पुत्र बशीर अहमद डार निवासी कैमोह, जाहिद अहमद डार पुत्र गामहौद डार निवासी यारीपोरा, तौहीद अहमद राथर पुत्र अब सतार राथर निवासी, शकील अहमद वानी पुत्र मोहम्मद शरीफ वानी निवासी कुलगाम के तौर पर हुई है।

# नशेड़ी अधीक्षक ने बच्चों को पीटा फिर हॉस्टल से कर दिया बाहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोतबा

फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंचायत डुमरिया में प्री मैट्रिक छात्रावास के अधीक्षक ने शराब पीकर खूब हुड़दंग मचाया। उन्होंने खाना खा रहे बच्चों को गालियां देकर जमकर मारपीट की और रात के अंधेरे में छात्रावास से बाहर निकाल दिया। 10 से 12 साल के बच्चे रात के अंधेरे में रोते हुए पैदल अपने-अपने घर गए।इस घटना की जानकारी मिलते ही बच्चों के अभिभावक और ग्रामीण एकत्रित हुए नाराजगी जताई। मामले में सहायक आयुक्त ने अधीक्षक को निलंबित कर दिया है।



- सहायक आयुक्त ने किया सस्पेंड, दर्ज होगी एफआईआर
- कुछ बच्चे रात के अंधेरे में पैदल गए घर, कुछ भटके

जानकारी के अनुसार फरसाबहार विकासखंड से महज 10 किलोमीटर में संचालित छात्रावास में यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलाज ऐसी घटना कर चुके हैं। जब रात को बच्चे खाना खा रहे थे। उस दौरान उनसे जमकर मारपीट की गई और हॉस्टल से बाहर शेष पेज 7 पर

### एफआईआर कराई जाएगी

मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिलते गंभीरता से जाँच की गई। प्रथम दृष्टया अधीक्षक की लापरवाही पाई गई जिसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बच्चों को मारना गंभीर अपराध है। जांच में पुष्टि होते ही एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

\- **संजय सिंह,** सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास

मुंबई हिट एंड रन केस

# देर रात दोस्तों के साथ पार्टी, सुबह बीएमडब्ल्यू से महिला को उड़ाया



एजेंसी ▶▶| मुंबई

वर्ली इलाके में रविवार सुबह शिवसेना के एक नेता के बेटे ने अपनी बीएमडब्ल्यू कार से दोपहिया वाहन सवार महिला को टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इस हादसे में नई जानकारी सामने आई है। ऐसा पता लगा है कि आरोपी मिहिर शाह हादसे से कुछ देर पहले अपने दोस्तों के साथ बार गया था। जहां शराब पी गई थी। पुलिस हालांकि मामले की जांच कर रही है कि क्या हादसे के वक्त मिहिर नशे में था?

कार के मालिक और आरोपी के पिता राजेश शाह और उसमें सवार राजश्री राजेंद्र सिंह बिदावत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और उन्हें हिरासत में लिया गया है। राजेश शाह सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के नेता हैं।

### सीएम शिंदे बोले-कानून सभी के लिए बराबर

इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। शिंदे ने कहा, कानून सभी के लिए बराबर है।

### हादसा क्या हुआ

हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान कावेरी नखवा (45) के तौर पर की गयी है। वह सुबह करीब साढ़े पांच बजे एनी बेसेंट रोड पर अपने पति प्रदीप के साथ दुपहिया वाहन से जा रही थीं तभी बीएमडब्ल्यू कार के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और दोनों गाड़ियों की आपस में टक्कर हो गई।

### हादसे से कुछ देर पहले पी थी बीयर

रिपोर्ट है कि बार के मालिक करण शाह के मुताबिक, मिहिर शाह शनिवार देर रात 11:00 बजे जुहू में वॉयस ग्लोबल तापस बार में अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिहिर शनिवार रात 11:08 बजे मर्सिडीज में अपने दोस्तों के साथ बार में आया था। उनके साथ कोई महिला नहीं थी। रात 1:40 बजे बिल का भुगतान करने के बाद वे मर्सिडीज कार में चले गए। बार मालिक ने कहा, मिहिर को छोड़कर सभी ने एक-एक बीयर पी थी और उस समय चारों सामान्य लग रहे थे। मिहिर के हाथ में रेड बुल थी।

सूरत इमारत ढहाने की घटना में बड़ा एक्शन

# इमारत ढहने से 7 की मौत मां-बेटे समेत तीन पर केस

एजेंसी ▶▶| सूरत

सूरत में छह मंजिला इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। पुलिस ने तीन पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में जिन लोगों के नाम दर्ज हैं, उनमें इमारत के मालिक राज काकड़िया, जो इस समय संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं और उनकी मां रामिलाबेन काकड़िया का नाम शामिल है। इसके अलावा इमारत में रह रहे लोगों से किराया लेने वाले अश्विन वेकरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।





### इनकी हो गई मौत

एफआईआर में पीड़ितों की पहचान हीरामन केवट (40), अभिषेक (35), ब्रिजेश गोड़ (50), शिवपूजन केवट (26), अनमोल हरिजन (17), परवेश केवट (21) और लालजी केवट (40) के रूप में की गई है। मृतकों में अधिकतर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कपड़ा मजदूर थे।

### इन पर केस दर्ज

पुलिस थाने के निरीक्षक जिग्नेश चौधरी ने बताया कि इमारत के मालिक राज काकड़िया और उनकी मां रमीलाबेन काकड़िया तथा निवासियों से किराया वसूलने वाले अश्विन वेकारिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि वेकारिया को गिरफ्तार कर लिया गया है और दो अन्य आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

छापे में मोबाइल, लैपटॉप बरामद

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ 15 महिला समेत 17 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम साइबर अपराध पुलिस ने सेक्टर 49 इलाके में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया और 15 महिलाओं समेत 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 15 मोबाइल फोन और तीन लैपटॉप बरामद किए गए हैं। सेक्टर 49 स्थित स्पेज आईटी पार्क के कार्यालय में फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा है, जिसमें नौकरी और कर्ज दिलाने के नाम पर ठगी की जा रही है।



### कर्ज के नाम पर ठगी

इस कॉल सेंटर के जरिए ये लोग 'फाइनेंस कंपनी' के नाम पर नौकरी और कर्ज दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने बताया कि 15 महिलाओं को लोगों को फोन करके नौकरी और कर्ज दिलाने का प्रलोभन देने का काम सौंपा गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) साइबर प्रियांशु दीवान ने कहा, उन्हें धोखाधड़ी करने के लिए 10,000 से 20,000 रुपए का वेतन और ठगी गई राशि का दो प्रतिशत 'कमीशन' मिलता था।

## रायपुर सहित इन 15 जिलों में खपाया जाता था अन अकाउंटेंड शराब

ईओडब्लू द्वारा कोर्ट में पेश चार्जशीट से हुआ खुलासा

# चार्जशीट बोलिस... 400 ट्रक शराब की होती थी हर महीने अवैध बिक्री, नेताओं को दिए जाते थे 10 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शराब की काली कमाई को रफ्तार देने अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी ने अपने गुर्गों तथा आबकारी विभाग के अफसरों की मदद से अन अकाउंटेंड शराब खपाने का टारगेट एक साल के बाद ही दो गुना कर दिया था। इस बात का खुलासा ईओडब्लू द्वारा कोर्ट में पेश चार्जशीट से हुआ है। चार्जशीट में शेष पेज 7 पर

### हर माह 10-10 करोड़

कोर्ट में पेश चार्जशीट में चुनिंदा नेताओं को शराब सिंडिकेट द्वारा हर माह 10-10 करोड़ रुपए पहुंचाए जाने की बात का उल्लेख किया गया है। जिन नेताओं को रकम पहुंचाया जाता था, उनके द्वारा शराब सिंडिंकेट को प्रोटेक्शन दिया जाता था। इसलिए उन नेताओं तक पैसा पहुंचाया गया।





### 19 आबकारी अफसरों के नाम का उल्लेख

कोर्ट में पेश चार्जशीट में अन नकली होलोग्राम लगे अकाउंटेड शराब खपाने 19 आबकारी अधिकारियों की मदद लेने की बात सामने आई है। आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी के संपर्क में थे। अन अकाउंटेड शराब खपाने अरुणपति त्रिपाठी अपने अफसरों को निर्देश देता था।

### इन दो कंपनियों को आपूर्ति करने ठेका

अन अकाउंडेट शराब मेसर्स ईगल हंटर साल्यूशन लिमिटेड जिसका मालिक बच्चाराम लोहिया है तथा मेसर्स सुमित फैसलिटिस प्राइवेट लिमिटेड जिसका मालिक सिद्धार्थ सिंघानिया के माध्यम से खपाया गया। इन दोनों कंपनियों द्वारा अपने ट्रेंड सुपरवाइजर तथा कर्मचारियों शेष पेज 7 पर

चिंतन

# रूस यात्रा से एक तीर से सधेंगे कई निशाने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सोमवार से दो दिन की रूस यात्रा पर हैं। आठ और नौ जुलाई को पीएम रूस की राजधानी मॉस्को में रहेंगे। इस यात्रा को भारत की कूटनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अभी हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में पीएम ने शिरकत नहीं की, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, इस लिहाज से एससीओ की शिखर बैठक के ठीक बाद पीएम मोदी के रूस की यात्रा पर जाने का बड़ा कूटनीतिक महत्व है। तीसरी बार भारत के पीएम बनने के बाद मोदी की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है, और इसके लिए उन्होंने रूस को चुना है, इसका अर्थ है कि भारत अपने सबसे विश्वसनीय वैश्विक साझेदार रूस को वैश्विक शक्ति संतुलन के परिप्रेक्ष्य में कितना अधिक महत्व देता है। पिछले महीने ही तीसरी बार शपथ के बाद पीएम जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेने इटली गए थे। वर्ष 2022 की फरवरी में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तब से रूस व यूक्रेन के बीच जंग जारी है, उस हमले के बाद से पीएम मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। मोदी ने पिछली बार 2019 में व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फ़ोरम में हिस्सा लेने के लिए रूस का दौरा किया था। रूस व यूक्रेन जंग में भारत तटस्थ रहा है और वार्ता के जरिये मसले सुलझाने की अपील करता रहा है। इस दौरान पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन व यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अलग-अलग व्यक्तिगत बातचीत में यह युद्ध का युग नहीं का संदेश दे चुके हैं। भारत की अध्यक्षता में जी-20 की शिखर बैठक में भी भारत ने पश्चिम के दबाव के चलते रूस के खिलाफ किसी भी एजेंडे को जी-20 के संयुक्त घोषणा में शामिल नहीं होने दिया था। रूस के नजरिये से पीएम की इस यात्रा का अर्थ पश्चिम की रूस को अलग-थलग करने की कोशिशों को नकारना है। रूस और पश्चिम के खराब रिश्ते के चलते चीन पर बढ़ रही रूसी निर्भरता को साधने के लिए पीएम की इस यात्रा की टाइमिंग भी महत्वपूर्ण है। भारत व रूस के बीच शिखर सम्मेलन वर्ष 2021 से ही नहीं हुआ है। इस बार कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में हुई एससीओ की बैठक में रूस व चीन के बीच अपने-अपने एजेंडे को बढ़ाने की होड़ भी दिखी, इसके बाद भी अमेरिकी अदावत के चलते चीन और रूस करीब हैं। चीन व रूस की करीबी का भारत कूटनीतिक फायदा भी उठाता रहा है, इसके बावजूद भारत की चेष्टा है कि चीन को मॉस्को व नई दिल्ली के प्रगाढ़ रिश्ते की अहमियत का पता रहे। भारत पश्चिम के साथ अपने रिश्ते के साथ-साथ रूस संग भी अपने संबंध का संतुलन बनाए रखना चाहता है। इटली में जी-7 नेताओं से मिलने के कुछ ही दिनों बाद रूस गए हैं। एससीओ में नहीं जाने की कूटनीतिक भरपाई भी रूस यात्रा से हो जाएगी। पीएम अपने पूर्व के दो कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा के लिए पड़ोसी देशों को चुना, इस बार रूस गए हैं, यह दौरा भूराजनीतिक जरूरतों को बिम्बित करता है। इस बार यात्रा में यूक्रेन जंग, आपसी व्यापार, क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति, तेल व गैस, हाइड्रोकार्बन की आपूर्ति, भुगतान के मुद्दे, प्रस्तावित चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मैरिटाइम कॉरिडोर में निवेश और प्रमुख मिलिटरी लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट पर बातचीत होगी। इस यात्रा से चीन व यूएस लॉबी के पश्चिम दोनों के लिए भी संदेश हैं। वर्तमान भूराजनीतिक परिदृश्य में भारत व रूस की गहरी दोस्ती शक्ति संतुलन की प्रकाश पुंज है।



विश्लेषण
उज्ज्वल वीरेंद्र दीपक


# केवल दंड नहीं, न्याय पर भी फोकस

भारतीय न्याय संहिता, 2023 के कार्यान्वयन के साथ, भारत में सबसे साहसी विधायी प्रयासों में से एक लागू हो गया है। 19वीं शताब्दी में अपनी स्थापना के बाद से आईपीसी और सीआरपीसी भारत में सबसे कम संशोधित कानून थे। इसके विपरीत, 1950 में लागू हुए संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया। यह एक विडम्बना है कि संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियों की पिछली कई सरकारों ने हमारी कानूनी और न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करने का कोई प्रयास नहीं किया। हम जो देख रहे है वह औपनिवेशिक का पूर्ण परिवर्तन और आधुनिकता की छलांग है और अब केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय पर भी ध्यान केंद्रित है।

भारतीय न्याय संहिता और कानूनी प्रणाली में अन्य ऐतिहासिक बदलावों के साथ, हम औपनिवेशिक शासन का पूर्ण परिवर्तन, प्राचीनता का पुनरुद्धार और अमृत काल में आधुनिकता की छलांग देख रहे हैं। 1 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के कार्यान्वयन के साथ, भारत में किसी भी सरकार द्वारा किए गए सबसे साहसी विधायी प्रयासों में से एक लागू हो गया है। यह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह लेता है, जिन्हें ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान तैयार किया गया था। 19वीं शताब्दी में अपनी स्थापना के बाद से आईपीसी और सीआरपीसी भारत में सबसे कम संशोधित कानून थे। इसके विपरीत, 1950 में लागू हुए संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया। यह एक विडम्बना है कि संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियों की पिछली कई सरकारों ने हमारी कानूनी और न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करने का कोई प्रयास नहीं किया।

भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल में औपनिवेशिक मानसिकता और उपनिवेशवाद की गंध वाले कानूनों से आजादी के मुद्दे को उठाया। नए भारत को निस्संदेह ब्रिटिश-युग के औपनिवेशिक कानूनों में सुधार और न्यायशास्त्र में परिवर्तन की आवश्यकता है। भारतीय चेतना से संपन्न और संविधान की भावना के अनुरूप तीन नए अधिनियम हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक ऐतिहासिक बदलाव लाने वाले हैं। न्याय, भारतीय संविधान, भारतीयता और नागरिकों की भलाई इन नए अधिनियमों के मूल में होगी। कानून और व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मौजूदा आपराधिक कानूनों की समीक्षा करना और कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था ताकि 140 करोड़ नागरिकों के लिए जीवन में आसानी और न्याय में आसानी सुनिश्चित हो सके।

नए अधिनियम न केवल समसामयिक हैं, बल्कि भविष्योन्मुखी भी हैं, जिनका उद्देश्य सभी को शीघ्र न्याय प्रदान करना है। लोगों की समसामयिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप एक ऐसी कानूनी संरचना का निर्माण किया गया है जो नागरिक केंद्रित हो और नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता को सुरक्षित रखे। तीन नए कानून पुलिस को जवाबदेह बनाते हुए पीड़ित-केंद्रित हैं। 1860 में बनी भारतीय 'दंड' संहिता का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना नहीं बल्कि सजा देना था। तीनों नए कानून न्याय, समानता और निष्पक्षता के बुनियादी सिद्धांतों के आधार पर लाए गए हैं। गृह मंत्रालय ने इन तीन पुराने कानूनों में बदलाव लाने के लिए 2019 से गहन विचार-विमर्श शुरू किया था। इन कानूनों को लेकर कुल 3200 सुझाव प्राप्त हुए और गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुझावों और संशोधनों पर सूक्ष्मता से विचार करते हुए इन तीनों कानूनों पर विचार करने के लिए 158 बैठकें कीं। बीएनएस आईपीसी के कुछ प्रावधानों को अधिक संक्षिप्त बनाने के लिए समेकित




करता है और 511 धाराओं की तुलना में 356 धाराएं पेश करता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रमुख आपराधिक क़ानून में आतंकवाद को पारिभाषित किया है, और यह एक शून्य-सहिष्णुता नीति को दर्शाता है। इन कानूनों में पहली बार संगठित अपराध को भी पारिभाषित किया गया है। संगठित अपराध में अपहरण, जबरन वसूली, कॉन्ट्रैक्ट हत्या, जमीन पर कब्जा, वित्तीय घोटाले और अपराध सिंडिकेट की ओर से किए गए साइबर अपराध जैसे अपराध शामिल हैं।

नई चुनौतियों के अनुसार, आर्थिक अपराध शब्द को पहली बार संगठित अपराध के हिस्से के रूप में पेश किया गया है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला लेन-देन और पारंपरिक वित्तीय जालसाजी के अपराध शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर एक नया अध्याय समर्पित किया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से बलात्कार के लिए आजीवन कारावास और मृत्युदंड का प्रावधान है। सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में 20 साल की कैद या मौत तक कैद की सजा का प्रावधान है। यह किसी महिला के साथ धोखे से या झूठे वादे करके यौन संबंध बनाने को भी अपराध मानता है। दूसरी ओर, बीएनएस निर्दिष्ट आधार पर पांच या अधिक लोगों द्वारा की गई हत्या या गंभीर चोट को अपराध के रूप में जोड़ता है। इन आधारों में नस्ल, जाति, लिंग, भाषा या व्यक्तिगत विश्वास शामिल हैं। ऐसी हत्या की सजा आजीवन कारावास या मौत है। न्याय संहिता, 2023 के कार्यान्वयन; नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और साक्ष्य अधिनियम, 2023 के साथ भारत ने एक साहसिक कदम बढ़ाया है।

न्याय की प्राचीन अवधारणा, न्याय के आधुनिक मिश्रण और नई चुनौतियों से निपटने के लिए एक उन्नत डिजाइन के साथ, सभ्यतागत ज्ञान और आधुनिकता के मिश्रण के साथ इन नए कानूनी सुधारों को मूर्त रूप दिया गया है। समेकन और सुव्यवस्थितीकरण, भाषा और परिभाषाओं का आधुनिकीकरण, विस्तारित क्षेत्राधिकार, अपराधों की संशोधित और नई श्रेणियां, लिंग-तटस्थ प्रावधान और हमारी कानूनी प्रणाली के प्रतिशोधात्मक सिद्धांतों पर पुनर्विचार किया गया है। मौत, आजीवन कारावास, कारावास, संपत्ति की जब्ती और जुर्माने की पहले से निर्धारित सजाओं से आगे बढ़ते हुए, बीएनएस की धारा 4 (एफ) की शुरुआत एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है, जिसमें सजा का छठा रूप 'सामुदायिक सेवा' जोड़ा गया है । ऐतिहासिक रूप से, आईपीसी ने प्रतिशोधात्मक सिद्धांत में निहित दंडात्मक उपायों पर जोर दिया - अपराधी को दंडित करना और पीड़ितों को मुआवजा देना। बीएनएस और अन्य उपायों के साथ, अब हम दंड को मानवीय बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और केवल प्रतिशोध के बजाय पुनर्वास पर भी ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, लेकिन इसका मतलब निश्चित रूप से यह नहीं है कि हमारी नई कानूनी प्रणाली अपराधी को बेदाग छूट देगी। बीएनएस के तहत 83 अपराधों में जुर्माना राशि बढ़ाई गई है और 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा की व्यवस्था की गई है। सामुदायिक सेवा के लिए दंड छह अपराधों में पेश किया गया है, और 19 धाराओं को अधिनियम से निरस्त या हटा दिया गया है।

नए कानून भारत में एक आधुनिक न्याय प्रणाली के कार्यान्वयन की कल्पना करते हैं, जिसमें जीरो एफआईआर, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से सम्मन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान लाए गए हैं। हम जो देख रहे हैं वह औपनिवेशिक का पूर्ण परिवर्तन, प्राचीनता का पुनरुद्धार और आधुनिकता की छलांग है और अब केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय पर भी ध्यान केंद्रित है।

(लेखक कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

सारा संसार



उत्तराखंड राज्य में गढ़वाल पहाड़ी पर स्थित, अलकनंदा नदी के पास स्थित बद्रीनाथ मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। भारत के सबसे चमत्कारी मंदिर होने के नाते यहां हर साल लाखों की संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। माना जाता है कि बद्रीनाथ के दर्शन के बिना केदारनाथ की यात्रा अधूरी है। गढ़वाल क्षेत्र के बीच बसे इस मंदिर की ऊंचाई 3133 मीटर है। हिमालय क्षेत्र में मौसम की स्थिति के चलते यहां बर्फ जम जाती है, जिस कारण ये मंदिर साल में छह महीने के लिए ही खुलता है।

अंतर्मन




आज की पाती

## अमरनाथ यात्रा मंगलमय हो

बाबा बर्फानी अर्थात अमरनाथ की यात्रा शुरू हो चुकी है। सरकार और प्रशासन ने श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने के पुख्ता इंतजाम तो किए ही हैं, आतंकवाद से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सेना भी तैयार है। लेकिन इस यात्रा को और सुखद, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए श्रद्धालुओं को भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और प्रशासन ने जो भी नियम इस यात्रा के लिए बनाए हैं, उनका पालन गंभीरता से करना चाहिए। जो भी रास्ता प्रशासन ने बताया है या जिन चीजों के लंगर लगाने की इजाजत दी है, उसी रास्ते का प्रयोग करना चाहिए और उन्हीं चीजों के लंगर लगाने चाहिए। दूसरा, लोगों को वहां शांति और अनुशासन में रहकर यात्रा करनी चाहिए, भगदड़ करने से बचना चाहिए। तीसरा, पहाड़ी रास्तों में सावधानी बरतनी चाहिए। *- रमेश साहू, बिलासपुर*

अग्निवीर योजना
शैलेन्द्र शुक्ला



# युवाओं के लिए राष्ट्रीय सेवा और सशक्तिकरण का अनूठा अवसर

अग्निवीर योजना भारत में सेना द्वारा दी जाने वाली सेवा नहीं है, बल्कि यह 17-21 वर्ष के युवाओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य उन्हें तैयार करना है। विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है। यह कहकर कि अगर वे सेना में समायोजित नहीं हुए तो वे 21 साल की उम्र में बेरोजगार हो जाएंगे। इस योजना के अनुसार, न्यूनतम 25% युवाओं को सेना में समायोजित किया जाएगा।


अग्निवीर योजना के अंतर्गत, युवाओं को न केवल सेना में भर्ती होने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें शारीरिक, मानसिक और व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान, उन्हें विभिन्न प्रकार की कौशल विकास गतिविधियों में भी शामिल किया जाएगा, जिससे वे भविष्य में अन्य रोजगार के अवसरों के लिए भी तैयार रह सकेंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रेरित करना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना है। इसके माध्यम से, वे अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करेंगे, जो जीवन के हर क्षेत्र में उनके लिए लाभदायक सिद्ध होंगे।

अतः यह कहना कि वे बेरोजगार रह जाएंगे, बिल्कुल गलत है। अग्निवीर योजना युवाओं को बहुमूल्य अनुभव और कौशल प्रदान करती है, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़नेमेंसहायताकरेंगे। सामान्यतः लोग 17 साल की उम्र के बाद बीए, बी. कॉम, बीई, एमबीबीएस या अन्य पाठ्यक्रमों के लिए कॉलेज में दाखिला लेते हैं। इन पाठ्यक्रमों के बाद सेवा की कोई गारंटी नहीं होतीहै। छात्रों को अपनी फीस खुद ही देनी होती है और अपने खर्चों पर जीना होता है। इन पाठ्यक्रमों केबादकोई एक मुश्त सेवा निधि नहीं मिलती है। जो लोग किसी कारणवश अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख सकते या उच्च माध्यमिक के बाद सेना में शामिल होना चाहते हैं, वे अग्निवीर योजना के लिए प्रयास कर सकते हैं। उन्हें मुफ्तआवास, स्वस्थ आहार और एक अनुशासित नागरिक बनने के लिए उचित शारीरिक प्रशिक्षण मिलेगा।

अग्निवीर योजना युवाओं के लिए एक शानदार अवसर प्रदान करती है, जो उन्हें न केवल सेना में, बल्कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों मेंआगे बढ़नेमें सहायता करतीहै। इस योजना के बारे में सही जानकारी फैलाना और युवाओं को इसके लाभों से अवगत कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

करंट अफेयर

## श्रीलंका विदेशी जहाजों पर से प्रतिबंध अगले साल हटाएगा



श्रीलंका ने विदेशी अनुसंधान जहाजों के आगमन पर अगले साल से प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया है। जापान की मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। उच्च प्रौद्योगिकी वाले चीनी जासूसी जहाजों द्वारा श्रीलंकाई बंदरगाह पर लंगर डालने संबंधी बार-बार के अनुरोध के बाद जताई गई सुरक्षा चिंताओं के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिबंध हटाने के निर्णय की जानकारी श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने 'एनएचके वर्ल्ड जापान' को दी। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाजों की बढ़ती आवाजाही पर नयी दिल्ली ने चिंता व्यक्त करते हुए इनके जासूसी जहाज होने का अंदेशा जताया था और कोलंबो से आग्रह किया था कि वह ऐसे जहाजों को अपने बंदरगाहों पर न आने दे। भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने जनवरी में अपने बंदरगाह पर विदेशी अनुसंधान जहाजों के लंगर डालने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस साल की शुरुआत में एक चीनी जहाज के लिए हालांकि छूट दी गई थी। एनएचके वर्ल्ड जापान की शुक्रवार की एक रिपोर्ट के अनुसार, साबरी ने कहा कि उनकी सरकार अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग नियम नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि उनका देश दूसरों के बीच विवाद में किसी का पक्ष नहीं लेगा।

ऑफ बीट

## संक्रमण से सुरक्षा पाने साल में दो बार लगाए इंजेक्शन



दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में व्यापक स्तर पर किये गए एक क्लिनिकल परीक्षण से पता चला है कि नयी रोग-निरोधक दवा का साल में दो बार इंजेक्शन युवतियों को एचआईवी संक्रमण से पूरी सुरक्षा देता है। परीक्षण में यह पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या 'लेनकापाविर' का छह-छह महीने पर इंजेक्शन, दो अन्य दवाओं (रोज ली जाने वाली गोलियों) की तुलना में एचआईवी संक्रमण के खिलाफ बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगा। सभी तीन दवाएं 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस' (रोग निरोधक) दवाएं हैं। अध्ययन के दक्षिण अफ्रीकी भाग के प्रमुख अन्वेषक, चिकित्सक-वैज्ञानिक लिंडा-गेल बेकर ने बताया कि कि यह सफलता इतनी महत्वपूर्ण क्यों है और आगे क्या उम्मीद की जाए। लेनकापाविर और दो अन्य दवाओं की प्रभावकारिता का परीक्षण 5,000 प्रतिभागियों के साथ 'उद्देश्य 1' परीक्षण युगांडा में तीन स्थलों और दक्षिण अफ्रीका में 25 स्थलों पर किया गया। लेनकापाविर (लेन एलए) एचआईवी कैप्सिड में प्रवेश करता है। कैप्सिड एक प्रोटीन शेल है जो एचआईवी की आनुवंशिक सामग्री और प्रतिकृति के लिए आवश्यक एंजाइमों की रक्षा करता है। इसे हर छह महीने में एक बार त्वचा में लगाया जाता है।

ट्रेंड

## राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा



वीरभूमि हिमाचल के सपूत, परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा ने कारगिल युद्ध के दौरान शौर्य की जो अमर गाथा लिखी वह अमिट अक्षरों में दर्ज रहेगी। आज उनके बलिदान दिवस पर उन्हें शत-शत नमन करता हूँ। आपके सर्वस्व अर्पण के लिए कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री

## शुभ संकल्प रखें



जीवन की सफलता और संसिद्धि सद्विचार और पारमार्थिक प्रवृत्तियों में सन्निहित है जो हमें शुभ संकल्प, साधु-सन्तों की सत्प्रेरणा और अनुग्रह से सहज ही उपलब्ध हो जाती है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

## लोको पायलट्स को सुविधा नहीं



नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलट्स के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट्स 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं, उनकी अपनी ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं रह गया है।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

## ऐसे बनें करिश्माई



करिश्माई बनने के तरीके- सच्चे बनो, शांत रहें, सम्मान रखें, मुस्कुराओ, ऊर्जावान बनाना, उत्साही बनो, प्रामाणिकता, महान संचार कौशल, सकारात्मकता का संचार करें और आँख से संपर्क रखें।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





17.78 cm SmartPlay Studio (Available from Zeta variant onwards)



Auto Gear Shift


Spacious and Comfortable Interiors


Automatic Climate Control


1.2L VVT Petrol Engine

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- SUZUKI-TECT BODY
- DUAL FRONT AIRBAGS
- ESP
- SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
- ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

*Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. For details on functioning of safety features, including air bags, kindly refer Owner's Manual.

**VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING OFFERS UP TO ₹ 58 000#.**

Know more about The Tough Urban Ignis | Scan to chat on WhatsApp

**RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG**: **NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR**: **NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and **visit www.nexaexperience.com** to book online.

*Offers vary across variants. All offers are applicable till 15th July'24 or till stocks last. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. For more details, please contact your nearest NEXA dealership. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.



# मां-बाप के इकलौते बेटे थे कुलगाम में शहीद हुए प्रदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह से खात्मा करने के लिए सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। शनिवार को आतंकियों से लड़ते हुए दो जवानों के शहीद होने के बाद रविवार को जवानों ने एनकाउंटर में 6 आतंकवादियों को मार गिराया। हालांकि कुलगाम में आतंकियों से लोहा लेते समय सेना के कमांडो प्रदीप नैन शहीद हो गए थे। वो जींद के नरवाना के रहने वाले थे और बहादुरी से आतंकियों के खिलाफ लड़ रहे थे।

### 18 साल की उम्र में बन गए थे सेना में कमांडो



### दो साल पहले हुई थी शादी

प्रदीप कमांडो के रूप में साल 2015 में सेना में भर्ती हुए थे और अभी तो दो साल पहले (2022) में उनकी शादी हुई थी। आतंकियों से लड़ते वक्त शहीद होने के बाद प्रदीप का पार्थिव शरीर आज गांव में लाया जाएगा. प्रदीप के परिवार में माता-पिता सहित उनकी धर्मपत्नी हैं। प्रदीप अपने मां-बाप के इकलौते बेटे थे। प्रदीप की धर्मपत्नी गर्भवती हैं और जैसे ही उन्हें पति के शहीद होने की खबर मिली, तबियत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। प्रदीप के शहीद होने के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है क्योंकि मात्र 27 साल की उम्र में उन्होंने देश की सुरक्षा में अपना बलिदान दे दिया। प्रदीप के पड़ोसी गांव के रहने वाले रिटायर्ड सूबेदार जयभगवान के मुताबिक प्रदीप बहुत ही सरल स्वभाव का था।



### पैरा कमांडो थे प्रदीप

बता दें कि आतंकियों से सुरक्षाबलों की पहली मुठभेड़ मोदरगाम गांव में हुई, जहां पैरा कमांडो लांस नायक प्रदीप नैन कार्रवाई में शहीद हो गए थे। इसके बाद सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया और तीन आतंकवादियों को उनके ठिकाने पर घेर लिया। जवानों ने मुठभेड़ में उनको ढेर कर दिया। वहीं दूसरी मुठभेड़ फ्रिसल चिनिगाम गांव में हुई, जब सुरक्षा बलों को इलाके में संभावित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के बारे में सूचना मिली। इस ऑपरेशन के दौरान फर्स्ट राष्ट्रीय राइफल्स के हवलदार राज कुमार शहीद हो गए।

## खबर संक्षेप

### देश के लिए मरने की नहीं जीने की जरूरत है: शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश के लिए मरने की नहीं बल्कि जीने की जरूरत है। उन्होंने गुजरात के विकास में भूमिका के लिए कड़वा पाटीदार समुदाय की सराहना की। यहां छात्रों के लिए एक छात्रावास परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा कि आज देश के लिए मरने की नहीं, बल्कि देश के लिए जीने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''आप एक अच्छे आईएएस, आईपीएस, सीए, चिकित्सक, अच्छे नागरिक या गृहिणी हो सकते हैं, लेकिन आपको देश के लिए काम करने की जरूरत है।''



### लोको पायलट के लिए संसद में उठाएंगे आवाज : राहुल

**नईदिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को लोको पायलट से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि 'इंडिया' गठबंधन उनके अधिकारों और कामकाजी परिस्थितियों में सुधार के लिए संसद में आवाज उठाएगा। गांधी ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट के साथ अपनी हालिया बातचीत का एक वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट कर यह टिप्पणी की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में लोको पायलट की जिंदगी की गाड़ी पूरी तरह से पटरी से उतर गई है।''



### जम्मू में की गई मंदिर में तोड़फोड़, आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके में एक गांव में कथित तौर पर एक मंदिर में तोड़फोड़ की गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि घटना होने के कुछ घंटों के भीतर आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने शनिवार देर रात जम्मू के पास नगरोटा के नारायण खू इलाके में पूजा स्थल में तोड़फोड़ की। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "जम्मू और कश्मीर पुलिस ने जम्मू जिले में कल शाम नगरोटा में हुई धार्मिक स्थल की तोड़फोड़ और आगजनी के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है।



### आरोप : इमरान रच रहे हैं जेल में साजिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दावा किया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एक और 'राजनीतिक अराजकता' पैदा करने के लिए जेल के अंदर साजिश रच रहे हैं। जियो न्यूज के कार्यक्रम 'नया पाकिस्तान' में पूर्व गृह मंत्री सनाउल्लाह ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71-वर्षीय संस्थापक खान को अदालत ने उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में राजनीतिक बैठकें करने की अनुमति नहीं दी।



### देश के कई हिस्सों में बाढ़-बारिश से बिगड़े हालात


# बारिश से नदियों में उफान, पहाड़ों पर भूस्खलन उत्तराखंड में रेड अलर्ट, रोकी गई चारधाम यात्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में बारिश ने सितम ढाया हुआ है। खासतौर से देश के उत्तरी व पूर्वी क्षेत्र में नदियां उफान पर हैं। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गए हैं। यूपी में 13 लोगों की मौत हो गई है। खराब मौसम के चलते उत्तरांचल में चार धाम यात्रा भी रोकनी पड़ी है। उधर, पूर्वोत्तर असम में बाढ़ के चलते 58 लोगों की जान गई हैं, वहीं मुंबई में 150 पर्यटकों को रेस्क्यू करना पड़ा है।

उत्तराखंड के गढ़वाल डिवीजन में भारी बारिश के चलते आज चार धाम यात्रा रोक दी गई है। बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास लैंडस्लाइड के कारण सड़क ब्लॉक हो गई है। गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। चमोली, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और उधम सिंह नगर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

### *उत्तरांचल में भूस्खलन से 100 से ज्यादा मार्ग बंद*



- असम में 58 और यूपी में 13 की मौत
- मुंबई में 150 पर्यटकों का रेस्क्यू, लोकल ट्रेनें स्थगित

### *उफान पर हैं गंगा, अलकनंदा और मंदाकिनी*

*भारी बारिश से रुद्रप्रयाग जनपद में अलकनंदा और मंदाकिनी नदी खतरे के निशान पर बह रही है। प्रशासन ने अगस्त्यमुनि व रुद्रप्रयाग में अलर्ट जारी कर दिया है। चमोली में भी अलकनंदा पिंडर, धौली गंगा, नंदाकिनी नदी उफान पर बह रही है। ऋषिकेश और हरिद्वार में गंगा भी खतरे के निशान पर है।*

### *बदरीनाथ हाईवे समेत प्रदेश में 109 मार्ग बंद*

प्रदेश में शनिवार को भूस्खलन आदि के चलते बदरीनाथ हाईवे समेत 142 मार्ग बंद हुए। लोगों को मार्ग खुलने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। जबकि 56 मार्ग शुक्रवार से बंद थे। लोनिवि ने इसमें से 89 मार्ग को खोल दिया। इसके बाद भी 109 सड़क बंद हैं। इसमें एक राष्ट्रीय राजमार्ग और सात राजमार्ग शामिल हैं। इसके अलावा 11 मुख्य जिला मार्ग, दो अन्य जिला मार्ग और 88 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं।

### भारी बारिश का 5 राज्यों में अलर्ट

आईएमडी ने रविवार (7 जुलाई) के लिए पांच राज्यों- उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, कर्नाटक में बहुत भारी बारिश का अलर्ट और 17 राज्यों- पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, केरल, गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### *असम में काल बनी बारिश! 58 लोगों की मौत*

*सम में इस समय बाढ़ ने तबाही मचाई हुई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पिछले एक महीने में बाढ़ की वजह से राज्य में 58 लोगों की जान चली गई है। इसके अलावा 23 लाख लोग प्रभावित हुए है। बाढ़ की वजह से लोगों को काफी ज्यादा नुकसान हो रहा है। राज्य में सैकड़ों लोग बेघर हो गए है। ब्रह्मपुत्र और 9 अन्य नदियों का जल स्तर नेमाटीघाट, तेजपुर, धुबरी और गोलपारा में खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। बाढ़ की वजह से राज्य में 27 जिलों में 577 राहत शिविर स्थापित किए गए है।*

### *यूपी, मुंबई का हाल*

*उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई है। मुंबई से सटे ठाणे जिले में जोरदार बारिश के कारण वाशिंद स्थित सृष्टि फार्म हाउस के आसपास पानी भर गया। करीब 150 लोग फंसे हैं। उनका रेस्क्यू जारी है। बाढ़ के चलते मुंबई से सटे महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रविवार सुबह लोकल ट्रेन सर्विस सस्पेंड कर दी गईं।*

### पीएम मोदी से बोले मिजोरम के सीएम

# 'बांग्लादेशी शरणार्थियों को वापस नहीं भेज सकते हमारी स्थिति समझिए'



एजेंसी ▶▶| आइजोल

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने केंद्र सरकार से पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश से आए शरणार्थियों को शरण देने में मिजोरम की स्थिति को समझने की खास अपील की है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बीते दिन भेंट कर कहा कि उनकी सरकार शरणार्थियों को वापस नहीं भेज पाएगी। राज्य के गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि 2022 से बांग्लादेश से लगभग 2,000 जो (Zo) जातीय लोगों ने मिजोरम में शरण ली है। दिल्ली में पीएम मोदी के साथ एक बैठक में सीएम लालदुहोमा ने उन्हें सूचित किया कि उनकी सरकार बांग्लादेश के चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) से जो जातीय लोगों को वापस नहीं भेज सकती या निर्वासित नहीं कर सकती।

### मिजो लोगों का है जातीय संबंध


सीएम ने कहा कि मिजो लोग बांग्लादेश से आए शरणार्थियों के साथ जातीय संबंध रखते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि बांग्लादेश से मिजो जनजातियों में से एक बावम जनजाति के कई लोगों ने 2022 से मिजोरम में शरण ली है, जबकि उनमें से कई अभी भी राज्य में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि नवंबर 2022 में विद्रोही समूह कुकी-चिन नेशनल आर्मी (केएनए) के खिलाफ बांग्लादेशी सेना द्वारा किए गए सैन्य हमले के बाद उन्होंने मिजोरम में शरण लेना शुरू कर दिया था।

*परिसर में आतंकियों के होने का किया है आईडीएफ ने दावा*

# इजराइल ने गाजा में स्कूल पर किया हमला, 16 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

गाजा पट्टी में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं, साथ ही इस हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। घायलों की संख्या कम से कम 75 बताई गई है। हमास की तरफ से संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इमारत में हजारों विस्थापित लोग रह रहे थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ ) ने कहा कि वायुसेना ने "सेंट्रल गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के अल-जौनी स्कूल के क्षेत्र में स्थित इमारत में रह रहे कई आतंकवादियों" पर हमला किया। "यह स्थान आतंकवादियों के छिपने की जगह थी। इसका उपयोग आईडीएफ सैनिकों पर हमले के लिए किया जा रहा था। हमले से पहले "नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने कई कदम उठाए गए, जिसमें सटीक हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी का उपयोग शामिल था". आईडीएफ ने हमास पर इल्जाम लगाया है कि वह इजराइल के खिलाफ हमलों के लिए नागरिक इमारतों और नागरिक आबादी का मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।



### बातचीत के लिए कतर की यात्रा

इधर, संघर्ष विराम वार्ता के लिए सीआईए प्रमुख विलियम बर्न्स अगले हफ्ते कतर की यात्रा करेंगे. गाजा में जंग को खत्म करने और इजरायली और फिलिस्तीनी बंदियों की अदला-बदली पर दोहा में बातचीत जारी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इजराइल के वार्ताकार भी इस हफ्ते फिर से कतर जाने वाले हैं। इजराइल के मोसाद जासूस प्रमुख डेविड बार्निया के नेतृत्व वाली एक टीम शुक्रवार को ही दोहा से लौटी है।

### संघर्ष विराम

मिस्र, कतर और अमेरिका कई महीनों से इजराइल और हमास के बीच वार्ता में मध्यस्थता कर रहे हैं। हाल के दिनों में वार्ता में नए सिरे से तेजी देखी गई है। 7 अक्टूबर से अब तक गाजा में इजरायली हमलों में कम से कम 38,098 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। यहां खाना, पानी, दवा और दूसरी मानवीय आपूर्ति की भारी कमी है।

### कोलकाता पुलिस आयुक्त उपायुक्त के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई

**कोलकाता।** केंद्र सरकार ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और पुलिस उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। दोनों पुलिस अधिकारियों पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के कार्यालय को बदनाम करने का आरोप है। केंद्र सरकार के एक अधिकारी के अनुसार दोनों पुलिस अधिकारियों ने राज्यपाल के कार्यालय के बारे में झूठी अफवाहें फैलाईं। आपको बता दें कि इससे पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट भेजी थी। रिपोर्ट में कोलकाता पुलिस आयुक्त और उपायुक्त पर गलत तरीके से काम करने का आरोप लगाया गया था। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने जून महीने के आखिरी सप्ताह में केंद्रीय गृह मंत्री को अपनी रिपोर्ट भेजी थी। रिपोर्ट में कहा गया, 'कोलकाता के पुलिस अधिकारियों द्वारा लोकसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ितों को राजभवन जाने से रोका जा रहा है। राज्यपाल ने पहले ही मुलाकात की अनुमति दे दी थी और इसके बाद भी पीड़ितों को राजभव जाने से रोका गया।'

## रथयात्रा का उत्साह...



रथयात्रा के दौरान रविवार को भक्तों का उत्साह चरम पर था। पुणे, महाराष्ट्र में इस्कॉन की रथयात्रा में एक भक्त।

## तालाब में महिला समेत नौ लोग डूबे, चार बच्चों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूपी के आगरा में बड़ा हादसा हो गया है। यमुना एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के डंपिंग जोन के पास बने तालाब में रविवार की सुबह आठ बच्चे डूब गए। उन्हें बचाने एक महिला कूदी, वह भी डूब गई। एक होमगार्ड और युवक ने साहस दिखाया। तालाब में छलांग लगा दी। एक-एक करके चार बच्चों और महिला को बचा लिया। चार बच्चे डूब गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद चारों बच्चों को बाहर निकाला गया। तब तक देर हो चुकी थी। उनकी मौत हो गई थी। हादसे से कोहराम मच गया। सूचना पर केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और भाजपा विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह मौके पर पहुंचे। घटना सुबह करीब साढ़े दस बजे की है।

### दुनियाभर के अलग-अलग देशों को बनाया गया है निशाना


# हैकर्स का बड़ा अटैक, 1 हजार करोड़ पासवर्ड हुए लीक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साइबर सिक्योरिटी को लेकर अक्सर सरकार लोगों को सावधान रहने को कहती है। अब साइबर हैकर्स ने एक बड़ा हमला किया है और करीब 1 हजार करोड़ पासवर्ड लीक हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह अब तक का सबसे बड़ा डेटा लीक का मामला माना जा रहा है।

- हैकर्स ने किया है ओबामा केयर का नाम किया इस्तेमाल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओबामा केयर नाम के हैकर्स ने 995 करोड़ पासवर्ड लीक कर दिए हैं। वहीं, रॉकीयू2024 की रिपोर्ट में दावा किया है कि पूरी दुनिया में सिंगल स्तर पर इस्तेमाल होने वाले पासवर्ड को लीक किया है। इसमें कई पासवर्ड सेलिब्रिटी आदि के भी मौजूद हैं।



### *इससे पहले भी डेटा लीक कर चुका है ये ग्रुप*

*रॉकीयू2024 ने पहली बार डेटा लीक नहीं किया है। रिपोर्ट में बताया कि इससे पहले भी करीब 8.4 बिलियन प्लेन टेक्स्ट पासवर्ड को हैकर्स ने लीक किया था। कई एक्सपर्ट ने सलाह दी है कि वह साइबर सुरक्षा के लिए बनाए गए नियम और कानून को फॉलो करें और साइबर खबरों से खुद का बचाव करें।*

### ओबामा केयर नाम किया ये इस्तेमाल

साइबर न्यूज डॉट ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ओबामा केयर नाम के एक यूजर्स ने एक फाइल को पोस्ट किया। इस फाइल का नाम रॉकीयू2024.टीएक्सटी है। इस फाइल में डेटा मौजूद है। रॉकीयू2024 में कई सेलिब्रिटी की डिटेल्स, उनका अकाउंट का अनऑथराइज्ड एक्सेस लेने के बाद लिया गया है।

### *भारतीय यूजर्स की स्थिति*

*हैकर्स द्वारा पोस्ट की गई फाइल में भारतीय यूजर्स की डिटेल्स शामिल हैं या नहीं, इस बारे में अभी तक किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं मिली है। लेकिन सावधानी बरतते हुए सभी भारतीय यूजर्स को भी अपने पासवर्ड तुरंत बदलने और ऊपर बताए गए सुरक्षा उपायों को अपनाने की सलाह दी गई है। यह डेटा लीक एक बड़ा चेतावनी है कि साइबर सिक्योरिटी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। सरकारी नियमों और कानूनों का पालन करते हुए और साइबर खबरों से सचेत रहते हुए हम अपने डेटा को सुरक्षित रख सकते हैं।*

### *ऐसे रखें खुद को सेफ*

*हैकर्स द्वारा पोस्ट की इस फाइल में भारतीय शामिल हैं या नहीं, अभी उसके बारे में कोई डिटेल्स सामने नहीं आई है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि तुरंत अपने अकाउंट का पासवर्ड रिसेट कर लें। साथ ही एक स्ट्रांग पासवर्ड का इस्तेमाल करें। इसके साथ लॉगइन के लिए मल्टी फेक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करें। सभी वेबसाइट के लिए अलग-अलग पासवर्ड आदि का इस्तेमाल करें. एक ही पासवर्ड का इस्तेमाल सभी जगह ना करें।*

# फिर मुश्किल में महुआ दिल्ली में केस हुआ दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दरअसल महुआ मोइत्रा ने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा को लेकर सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। जिसके खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख ने कड़ी आपत्ति जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दिल्ली पुलिस के कमिश्नर संजय अरोरा को पत्र लिखा था।इस पूरे विवाद का जन्म उस वक्त हुआ था, जब यूपी के हाथरस में हुए हादसे के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा वहां पीड़ितों से मिलने पहुंची थी।



### आयोग ने खुद लिया था संज्ञान

मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की तरफ से अपने अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी का संज्ञान लिया था और उनके खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की थी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, कि ये अभद्र टिप्पणी अपमानजनक है और एक महिला के सम्मान के अधिकार का उल्लंघन है।



# सिंगर नहीं पुजारी बनने के लिए घर से भागे थे कैलाश

**मुंबई।** कैलाश खेर का नाम बॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर्स की लिस्ट में शुमार हैं। आज उनका बर्थडे है। क्या आप ये जानते हैं कि कैलाश कभी सिंगर बनना ही नहीं चाहते थे बल्कि वो पुजारी बनने के लिए छोटी सी उम्र में घर छोड़कर भाग गए थे। कैलाश खका जन्म 7 जुलाई को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता एक लोक गायक थे। दरअसल कैलाश जब कैलाश खेर 14 साल के थे। तो घर से पुजारी बनने के लिए ऋषिकेश भाग गए। वहां कुछ दिन रहने के बाद उन्हें समझ आ गया कि ये सब उनके लिए नहीं है। इस चीज से वो एक दिन इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

## लाइफ Style



# रशिमका

## 'कुबेर' का पहला टीजर जारी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। बीते साल रणबीर कपूर के साथ आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद एक्ट्रेस काफी डिमांड में हैं। उनके हाथ बॉलीवुड के एक और बड़ी फिल्म हाथ लगी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान के साथ अगली फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगी। इससे पहले उनकी एक और फिल्म सुर्खियों में है। रश्मिका और धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी बज़ है। अब इस फिल्म का पहला लुक सामने आ गया है। शुक्रवार को मेकर्स और रश्मिका ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। 5 जुलाई को रश्मिका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया जिसमें वह एक अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। 'कुबेर' का ये टीजर वीडियो 48 सेकेंड का है जिसमें काफी सस्पेंस बना हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदान और धनुष के अलावा नागार्जुन अक्किनेनी भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन कमान शेखर कम्मुला ने किया है। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहं आई है। वीडियो में रश्मिका आधी रात में एक जंगल जैसी गुमनाम जगह पर जाती हैं, अपने आसपास देखती हैं और फिर जमीन खोदना शुरू करती हैं। जमीन से एक सूटकेस निकालती हैं जिसमें ढेर सारे पैसे भरे होते हैं। उसे देख वह खुशी हो जाती हैं और भगवान को हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद देती हैं। इस पूरे सीन से फिल्म को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ है।

## हॉलीवुड मसाला




# ऑस्कर विजेता जॉन नहीं रहे...

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विजेता निर्माता जॉन लैंडौ, जिन्होंने फिल्म निर्माता जेम्स कैमरून के साथ मिलकर फिल्म 'टाइटैनिक' और 'अवतार' के लिए काम किया था। उनका कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। निधन से पहले लैंडौ ने 'अवतार 2' सीक्वल के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' को लैंडौ और कैमरून की बदौलत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और तीन ऑस्कर जीते। इस जोड़ी ने अब तक रिलीज हुई सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चार फिल्मों में से तीन साथ में बनाई है।



# जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा...

**लॉस एंजिलस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है।



# भड़के डॉक्टरः कहा- जेल भेजना चाहिए...

**मुंबई।** बीते कुछ सालों से सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इसका इलाज भी कराया है और अब वह स्वस्थ्य हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस को सामान्य वायरल हो गया था। इसके लिए उन्होंने लोगों को बिना जरूरत के दवाई लेने से मना करते हुए लोगों को नेबुलाइजर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और डिस्टिल्ड वॉटर का इस्तेमाल कर इलाज का उपाय बता रही थीं। उन्होंने कहा था कि इसका उपयोग करने से तुरंत आराम मिलता है और ये अनावश्यक दवाओं से बचता है। सामंथा के इस उपाय को लेकर एक डॉक्टर ने इस तरह की खतरनाक टिप्स देने पर उनकी जमकर आलोचना की और सामंथा को हेल्थ और साइंस का अज्ञानी बताते हुए लिखा कि लोगों की जिंदगी खतरे में डालने पर सामंथा पर फाइन लगना चाहिए या जेल भेजा जाना चाहिए।



# 'सिकंदर' में नजर आएंगे सत्यराज व प्रतीक

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगडॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ताजा खबर यह है कि प्रतीक बब्बर और सत्यराज फिल्म 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। 'सिकंदर' की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रतीक और सत्यराज की कुछ तस्वीरें साझा की हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता में 'मिसेज सोढ़ी' से लेकर 'टप्पू' के किरदार में अब नए चेहरे..

**मुंबई।** कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हमेशा चर्चा में बना रहता है। ये शो पिछले 15 सालों से दर्शकों को एंटरटेन करता हुआ आ रहा है। तारक मेहता शो में दिलीप जोशी को जेठालाल की भूमिका में देखा जाता है। जेठालाल तो इस शो की जान हैं। वहीं मुनमुन दत्ता तारक मेहता शो में बबीताजी की भूमिका में दिखाई देती हैं। बबीता जी पर जेठालाल जान न्योछावर करने को भी तैयार रहते हैं।

***इन कलाकारों को किया गया रिप्लेसः*** इस शो में पिछले सालों में कई बदलाव हुए हैं। जी हां आपको बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अभी तक कई किरदारों को रिप्लेस किया जा चुका है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम टप्पू का आता है। टप्पू को शो में फैंस काफी पसंद करते हैं। इस रोल को सबसे पहले भव्य गांधी निभा रहे थे। बाद में इस रोल को राज अनादकट और अब फिर उनकी जगह नीतीश भलूनी ने ले ली है।

***मिस्टर एंड मिसेज सोढ़ी :*** इसके अलावा शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का रोल जेनिफर बंसीवाल निभा रही थीं लेकिन उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया और अब मोनाज मेवावाला इस किरदार में दिखाई दे रही हैं। लिस्ट में आगे नाम है रोशन सिंह सोढ़ी का रोल निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह का, जी हां उन्होंने शो छोड़ दिया था जिसके बाद इस रोल को लाड सिंह ने निभाया था, लेकिन उन्होंने भी शो को छोड़ दिया था फिर अब बलविंदर सिंह रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रहे हैं।

# बचपन में ही घर छोड़कर भाग गई थीं शहनाज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में अपनी चुलबुली अदाओं से दिल जीतने वाली शहनाज गिल अपने फैंस के दिलों पर खूब राज करती हैं, लेकिन एक टाइम ऐसा था जब शहनाज ने दर-दर की ठोकरें खाई हैं। शहनाज गिल ने आज अपनी मेहनत के दम पर टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है लेकिन एक समय ऐसा था जब इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए एक्ट्रेस बचपन में ही घर से भाग गई थी। शहनाज को हमेशा से खुद पर भरोसा था कि उनके सपने एक ना एक दिन पूरे हो जाएंगे। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से खुद को बुलाने वाली एक्ट्रेस शहनाज को असली पहचान बिग बॉस से मिली है। बिग बॉस के घर के अंदर भी शहनाज ने बताया था कि, 'जब वह शूटिंग के लिए घर से निकलती थी, तो कोई भी उन्हें सेट तक छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता था। घर में बहुत हंगामा होता था। इसके बाद करीब 3-4 साल तक घरवालों से उन्होंने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।



# आलिया व शरवरी की फिल्म से उठा पर्दाः टाइटल हुआ रिवील...



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर अपने धमाकेदार फिल्म को लेकर चर्चा में रहती हैं। इसी बीच आलिया और शरवरी की फिल्म का टाइटल रिलीज किया गया है। दरअसल, आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। इसी बीच मेकर्स ने वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं बता दें, यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स को और भी बड़ा कर रहा है। अब तक उनके बैनर तले 'वॉर' से लेकर 'टाइगर' और 'पठान' जैसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और ऋतिक रोशन जैसे सेलेब्स दमदार एक्शन करते हुए नजर आए थे।

# नेहा ने घटाया 23 किलो वजन

**नई दिल्ली।** नेहा धूपिया का ट्रांसफॉर्मेशन इस वक्त चर्चा में है और नेहा ने खुद इसे लेकर बात की और बताया कि उनकी प्रोफेशनल लाइफ पर भी इसका पॉजिटिव असर पड़ा है। दो बच्चों की मां और एक्ट्रेस नेहा धूपिया जो अपने गजब के ट्रांसफॉर्मेशन की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं उनका कहना है कि उन्होंने डिलिवरी के बाद वजन बढ़ने और घटने के चैलेंजेस को फ्लेक्सिबिलिटी और डेडिकेशन के साथ पार किया है। अपनी बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली नेहा धूपिया ने खुलासा किया कि हर प्रेग्नेंसी के चलते उनका वजन नॉर्मल से थोड़ा ज्यादा बढ़ गया। ये करीब 23-25 किलोग्राम जो नॉर्मल 17 किलो के मार्क से कहीं ज्यादा है।

JHAIGO झाईगो Cream
चेहरे के दागों को कम कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं? HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वात रोग, स्त्री रोग, किडनी रोग की समस्या का संपूर्ण इलाज आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र
सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड नं.-1, रायपुरा, रायपुर
76470-97309, 98279-66617

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में टीसीएस व इंफोसिस शीर्ष पर रहे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 1,83,290.36 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक फायदे में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं।

### भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर चर्चा इसी माह



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### सचिव स्तर के अधिकारी ही बन पाएंगे ट्राई चेयमैन




**दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार अधिनियम के तहत नियमों को अधिसूचित कर दिया है जिसके मुताबिक केवल सरकार के सचिव या समकक्ष रैंक के अधिकारी ही दूरसंचार नियामक ट्राई के चेयरमैन पद के लिए पात्र होंगे। सरकार ने अधिनियम की कुछ धाराओं को 26 जून से लागू कर दिया है और उन धाराओं के कुछ नियम पांच जुलाई से प्रभावी हो गए हैं।

### बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन में गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग की वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। दूसरी ओर आयातित सोयाबीन डीगम तेल की जुलाई खेप की कीमत में वृद्धि के कारण बाकी सभी देशी एवं आयातित तेल-तिलहन के दाम में सुधार देखने को मिला।

### क्वांटम मानकीकरण पर दूरसंचार ने मांगे जल्द प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने भारतीय शैक्षणिक संस्थानों या अनुसंधान एवं विकास संस्थानों से 'क्वांटम मानकीकरण और परीक्षण प्रयोगशालाओं' पर शोध प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह सूचना दी गई। इसका लक्ष्य क्वांटम प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है।

### क्यूएमएस मेडिकल ने सारथी में ली हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** क्यूएमएस मेडिकल एलायड सर्विसेज ने कहा कि उसने सारथी हेल्थकेयर में 45 करोड़ रुपये में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। मुंबई स्थित क्यूएमएस एमएएस कई तरह के चिकित्सा उत्पादों के विपणन और वितरण कारोबार में शामिल है। क्यूएमएस मेडिकल एलायड सर्विसेज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) महेश मखीजा ने एक बयान में कहा, 'सारथी का अधिग्रहण हमारी सेवाओं के सहज विस्तार और हमारी विस्तार योजना की दिशा में एक और कदम है।'

# जेप्टो अगले 24 महीने में बन जाएगी डी-मार्ट से भी बड़ी कंपनी : सीईओ का दावा

## जेप्टो के को-फाउंडर आदित पलिचा ने उम्मीद जताई, डीमार्ट बिक्री के मामले में हमसे 4.5 गुना अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन ग्रॉसरी डिलीवरी करने वाली कंपनी, जेप्टो अगले 18 से 24 महीने में बिक्री के मामले में दिग्गज ऑफलाइन रिटेल कंपनी डीमार्ट को भी पीछे छोड़ सकती है। जेप्टो के कोफाउंडर और सीईओ आदित पलिचा ने एक कार्यक्रम के दौरान ये दावा किया। पलिचा ने कहा, डीमार्ट 30 बिलियन डॉलर की कंपनी है और बिक्री के मामले में वे हमसे 4.5 गुना अधिक हैं। अगर हम अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखते हैं, तो हमारी बिक्री में हर साल 2-3 गुना बढ़ती रहेगी। इस रफ्तार पर हम अगले 18-24 महीनों में डीमार्ट से आगे निकल जाएंगे, जो एक शानदार कंज्यूमर कंपनी है।

### जेप्टो देश के टॉप 40 शहरों में

सीईओ ने कहा कि जेप्टो देश के टॉप 40 शहरों में 5 से 7.5 करोड़ परिवारों पर फोकस कर रहा है। इस आबादी का देश की ग्रॉसरी और रोजाना उपभोग वाली वस्तुओं की खरीदारी में काफी योगदान है। पलिचा के मुताबिक, देश का किराना मार्केट वित्त वर्ष 2029 तक बढ़कर 850 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा, जिसमें से इन परिवारों का योगदान 400 अरब डॉलर का होगा।




### हम सबसे बड़ी कैटेगरी का निर्माण कर रहे

दिल्ली में आयोजित जेआईआईएफ फाउंडेशन डे कार्यक्रम में बोलते हुए पलिचा ने कहा, किराना सामान उन सभी कैटेगरी से बड़ा है, जिनकी सेवाएं अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियां देती हैं। हम सबसे बड़ी कैटेगरी का निर्माण कर रहे हैं। पिछले 3 सालों में हमारी यात्रा बहुत रोमांचक रही है। हम 3 साल से भी कम समय में शून्य से 10,000 करोड़ रुपए (बिक्री में) तक पहुंच गए हैं।

### इंटरनेट इंडस्ट्रीज में सबसे तेज भारतीय कंपनी

यह इंटरनेट इंडस्ट्रीज में ऐसा करने वाली सबसे तेज भारतीय कंपनी है। फ्लिपकार्ट को इस लक्ष्य तक पहुंचने में 4 साल लगे थे। हमने यह 2.5 सालों में ही कर दिया। उन्होंने कहा, हम अपने आप को एक हाइपरलोकल वॉलमार्ट के रूप में देखते हैं। इसी बात ने हमें विस्तार करने और मुनाफे के उस बिंदु तक पहुंचने में मदद की है, जहां हम आज पहुंचे हैं।

## न्यूयार्क के मार्क किंग्डन ने रिपोर्ट का लाभ उठाया

# हिंडनबर्ग ने प्रकाशन से दो माह पहले अदाणी से संबंधित रिपोर्ट अपने ग्राहक से साझा की : सेबी


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है। सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष (हेज फंड) और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई भारी-भरकम 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ।

### कोटक महिंद्रा बैंक ने किया खुलासा

कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा है कि किंग्डन ने कभी यह खुलासा नहीं किया कि उनका हिंडनबर्ग के साथ कोई संबंध था और न ही वे किसी मूल्य-संवेदनशील जानकारी के आधार पर काम कर रहे थे। सेबी ने पिछले साल उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति को बताया था कि वह 13 ऐसी बाहरी 'अस्पष्ट' इकाइयों की जांच कर रहा है जिनकी अदाणी समूह के पांच सार्वजनिक रूप से कारोबार वाले शेयरों में 14 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच हिस्सेदारी थी।




### भारत डराने धमकाने का प्रयास करता है: हिंडनबर्ग

वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने' का प्रयास है।

### कोटक महिंद्रा केएमआईएल से संबंधित थी

साथ ही उसने खुलासा किया है कि अदाणी की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. के खिलाफ दांव लगाने के लिए जिस इकाई का इस्तेमाल किया गया वह कोटक महिंद्रा (इंटरनेशनल) लिमिटेड (केएमआईएल) से संबंधित थी, जो कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड की मॉरीशस स्थित अनुषंगी कंपनी है।

### सेबी का इन लोगों को नोटिस

सेबी ने न केवल हिंडनबर्ग को, बल्कि केएमआईएल, किंग्डन और हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन को भी नोटिस भेजा है। पूर्व में अदाणी समूह के पक्ष में बात करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने 'एक्स' पर पोस्ट में दावा किया है कि किंग्डन का चीन से संपर्क है। किंग्डन का विवाह 'चीनी जासूस' अनला चेंग के साथ हुआ है।

### अदाणी इंटरप्राइजेस पर लगाया गया दांव

केएमआईएल के कोष ने अपने ग्राहक किंग्डन के किंग्डन कैपिटल मैनेजमेंट के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड पर दांव लगाया। सेबी के नोटिस में अदाणी एंटरप्राइजेज लि. (एईएल) में भविष्य के अनुबंध बेचने के लिए हेज फंड के एक कर्मचारी और केएमआईएल के कारोबारियों के बीच 'चैट' के अंश शामिल हैं।

### जेठमलानी का आरोप

जेठमलानी ने आरोप लगाया है कि चीनी जासूस चेंग ने अपने पति मार्क किंग्डन के साथ अदाणी पर एक शोध रिपोर्ट तैयार करने के लिए हिंडनबर्ग की सेवाएं ली। उन्होंने अदाणी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग के लिए ट्रेडिंग खाते को कोटक की सेवाएं लीं और इसके जरिये लाखों डॉलर कमाए। इससे अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में भारी गिरावट आई।

# स्नैक्स की सामग्री सूची 73 फीसदी भारतीय पढ़ते हैं



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

करीब 73 प्रतिशत भारतीय किसी भी स्नैक्स (नाश्ता) को खरीदने से पहले सामग्री सूची और पोषण मूल्य को पढ़ते हैं। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

इससे पता चलता है कि ज्यादातर भारतीय स्नैक्स खाते समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुक हो रहे हैं।

देशभर में 6,000 से अधिक लोगों के सर्वेक्षण के आधार पर रविवार को जारी की गई 'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024' में उपभोग के रुझानों की पड़ताल की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया, 'सर्वेक्षण में शामिल 73 प्रतिशत लोग खरीदारी करने से पहले सामग्री सूची और पोषण मूल्य के लिए लेबल पढ़ना पसंद करते हैं। इनमें से 93 प्रतिशत ने पारदर्शिता पर जोर देते हुए लेबल पढ़ने और स्वस्थ विकल्पों को अपनाने की इच्छा जताई है।'

**'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024' में उपभोग के रुझानों की पड़ताल**

स्नैकिंग ब्रांड फार्मले की यह रिपोर्ट खाद्य पदार्थों में मिलावट के बढ़ते मामलों के बीच जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता अब सचेत हैं और वे संभावित हानिकारक पदार्थों के लिए खाद्य पैकेट की जांच करते हैं। इसलिए, 10 में नौ उत्तरदाताओं ने स्नैक्स के लिए स्वस्थ विकल्प खोजने की कोशिश की।

### मखाना व मेवे स्नैकिंग खंड में उभरे

अब लगभग 60 प्रतिशत भारतीय मेवे, बीज और साबुत अनाज जैसे पौष्टिक तत्वों वाले प्राकृतिक उत्पादों का विकल्प चुन रहे हैं। मखाना और सूखे मेवे स्वस्थ स्नैकिंग खंड में सबसे अग्रणी बनकर उभरे हैं और 67 प्रतिशत भारतीय इन पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को पसंद करते हैं।

## टीसीएस, एचसीएल टेक के इसी सप्ताह आएंगे रिजल्ट

# तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पहली तिमाही के नतीजे भी आने हैं, जो बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले सप्ताह की रिकॉर्ड तेजी के बाद स्थानीय बाजारों में कुछ नरमी दिख सकती है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, घरेलू मोर्चे पर कंपनियों का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों का सत्र इस सप्ताह शुरू हो रहा है।

**विदेशी रुख व एफआईआई की गतिविधियों से तय होगा मार्केट**

11 जुलाई को टीसीएस और 12 जुलाई को एचसीएल टेक्नोलॉजीज के तिमाही नतीजे आएंगे। इसके अलावा सरकार 23 जुलाई को 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने जा रही है। शेयर बाजार के लिए यह एक प्रमुख घटनाक्रम होगा। बाजार को



उम्मीद है कि सरकार बजट में वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों की घोषणा करेगी। साथ ही मानसून की प्रगति पर भी सभी की निगाहें रहेंगी।

गौड ने कहा कि इसके अलावा घरेलू और विदेशी संस्थागत (डीआईआई और एफआईआई) निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स चार जुलाई को 80,392.64 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,401 अंक के अपने नए शिखर पर पहुंचा था।

### बाजार बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहा

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 963.87 अंक या 1.21 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं निफ्टी 313.25 अंक या 1.30 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कंपनियों के तिमाही नतीजों का सत्र शुरू हो रहा है। आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस से इसकी शुरुआत हो रही है। बाजार बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहा है।

### हाउस ऑफ हिमालयाज व अमेजन इंडिया में करार

**देहरादून।** उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों का ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' अब अमेजन इंडिया पर भी उपलब्ध होगा। दोनों ने इसको लेकर समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए। इस मौके पर मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समझौते के बाद अमेजन इंडिया के ई-मार्केटिंग पोर्टल पर 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की विधिवत शुरूआत भी की। उन्होंने उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की खरीदारी भी की। पिछले साल दिसंबर में निवेशक सम्मेलन में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड की शुरूआत की गयी थी। उन्होंने कहा कि इस ब्रांड को शुरू करने का उद्देश्य प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना है।


# एफएमसीजी कंपनियों को मार्जिन में सुधार की उम्मीद

**अप्रैल-जून तिमाही में एक अंकीय राजस्व वृद्धि संभव**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मार्जिन में सुधार की उम्मीद है। साथ ही इन कंपनियों ने एक अंक की राजस्व वृद्धि का अनुमान जताया है, जिसे ग्रामीण मांग में सुधार और स्थिर शहरी बाजार से मदद मिली है।

डाबर, मैरिको और अदाणी विल्मर जैसी सूचीबद्ध एफएमसीजी कंपनियों ने अपनी ताजा तिमाही सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में मांग में क्रमिक सुधार हुआ, जो उम्मीद के मुताबिक है। घरेलू एफएमसीजी निर्माता डाबर को घरेलू बाजार में मध्य-एकल अंक में बिक्री बढ़ने



और एकीकृत राजस्व वृद्धि मध्य से उच्च एकल अंक में रहने का अनुमान है।

मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में उसका एकीकृत राजस्व उच्च एकल अंक में बढ़ा, जबकि घरेलू व्यवसाय ने क्रमिक आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की। अदाणी विल्मर ने भी जून तिमाही में कुल 13 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की।

### विस्तार की संभावना

मैरिको को भी सालाना आधार पर सकल मार्जिन में विस्तार की उम्मीद है। कंपनी सफोला, पैराशूट, हेयर एंड केयर, निहार और लिवॉन जैसे ब्रांडों का स्वामित्व रखती है। ग्रामीण बाजार की बिक्री के बारे में, डाबर ने कहा कि जून तिमाही में उसने मांग के रुझान में क्रमिक सुधार देखा और उन क्षेत्रों से वृद्धि में तेजी आई।

# पंजाब एंड सिंध बैंक की 100 नई शाखाएं खोलने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है।

पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा, 'सौ शाखाओं के

**बैंक के कुल शाखाओं की संख्या 1665 तक पहुंच जाएगी**

जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी।' साहा ने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। उन्होंने कहा कि बैंक की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने बीसी नेटवर्क को दोगुना करने की है। साहा ने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है।

## देश की वृद्धि में सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका


# बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा चाहता है होटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी आम बजट में होटल क्षेत्र को बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा प्रदान करे, इससे नई संपत्तियों में निवेश अधिक आकर्षक बन सकेगा। उनका कहना है कि होटल क्षेत्र देश की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे 'लक्जरी' के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा यह उद्योग चाहता है कि सरकार को आतिथ्य क्षेत्र को टिकाऊ और पर्यावरणनुकूल व्यवहार को अपनाने के लिए कर छूट या सब्सिडी के रूप में प्रोत्साहन देने पर पर विचार करना चाहिए।

### रोजगार सृजन का जरिया बनाने का बड़ा अवसर

आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी बजट में पर्यटन एजेंडा में तेजी लाने पर ध्यान दे क्योंकि यह देश के आतिथ्य क्षेत्र को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान देने का महत्वपूर्ण 'इंजन' और रोजगार सृजन का जरिया बनाने का बड़ा अवसर है।




### क्षमता बढ़ाने का अवसर

काचरू ने कहा कि देश के दृष्टिकोण-2047 को हासिल करने के लिए यह आतिथ्य क्षेत्र की क्षमता का लाभ उठाने का अवसर है। काचरू ने कहा कि बजट के लिए एचएआई की प्रमुख नीतिगत सिफारिश यह है कि सरकार होटल क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा दे।

### दर्जा मिलने से निवेश बेहतर हो सकेगा

इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत छटवाल ने कहा, 'क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा मिलने से निवेश बेहतर हो सकेगा। इससे क्षेत्र देश को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे पाएगा।'

# नेक्सजेन एनर्जिया की 15000 करोड़ रुपए निवेश की योजना

एजेंसी ▶▶| नोएडा

हरित ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी नेक्सजेन एनर्जिया ने अगले 10 साल में देश में 5,000 ग्रीन डीजल और संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) पंप खोलने की योजना बनाई है। कंपनी इसके लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

नोएडा स्थित कंपनी ने हाल में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में अपने पहले सीबीजी पंप का उद्घाटन किया, जो स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी ने बताया, "स्वच्छ ऊर्जा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता इस एक पंप से कहीं आगे तक जाती है। अगले 10 वर्षों में कई चरणों में देशभर में कुल 5,000 ग्रीन डीजल और सीबीजी पंप खोलने की योजना है। प्रत्येक पंप की लागत लगभग तीन करोड़ रुपये होगी।



### 5 हजार नए उद्यमी तैयार होंगे

द्विवेधी ने कहा कि इस पहल से लगभग 5,000 नए उद्यमी तैयार होंगे और 10 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। द्विवेदी ने कहा, 'हमारा लक्ष्य भारत को हरित ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे ईंधन आयात में लगभग 30 प्रतिशत की कमी आएगी।'

# इंग्लैंड और नीदरलैंड ने अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| डसेलडोर्फ

इंग्लैंड ने शनिवार रात को पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे। वर्ष 2021 में यूरो के फाइनल में बुकायो साका की पेनल्टी किक बचाए जाने के कारण इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था लेकिन शनिवार को उन्होंने भी शूट आउट में गोल दागा। इससे पहले उन्होंने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा। स्विट्जरलैंड को ब्रील एंबोलो ने 75वें मिनट में बढ़त दिलाई थी लेकिन साका में पांच मिनट बाद इंग्लैंड को बराबरी दिला दी जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय और फिर शूट आउट में खिंचा।

यूरो 2024





## नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से दी शिकस्त

*बर्लिन। नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तुर्की को 35वें मिनट में सामेत अकेदिन ने बढ़त बनाई जिसके बाद स्टीफन डि व्रिज ने 70वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। डि व्रिज के गोल के छह मिनट बाद मर्ट मुल्डुर ने आत्मघाती गोल दागा जिससे नीदरलैंड ने 2-1 की बढ़त बना ली जो अंत में निर्णायक साबित हुई।*

कोपा अमेरिका

# उरूग्वे ने पेनल्टी शूट आउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

**लास वेगास।** मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने शनिवार को यहां ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए। उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया गया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया



गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी जिसने पनामा को 5-0 से हराया।



## कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से रौंदा

ग्लेनडेल। कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप



### रग्बी : जागरुकता पैदा करना चाहते हैं सेरेवी

**मुंबई।** फिजी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और अब भारत के कोच वेसाले सेरेवी ने देश में रग्बी को लेकर जागरुकता पैदा करने को अपना पहला लक्ष्य बनाया है। 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल 56 साल के सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला सेवेन्स रग्बी टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। सेरेवी ने पीटीआई से विशेष बातचीत के दौरान कहा, 'मैं सामान्यतः दुनिया के इस हिस्से में, एशिया में, रग्बी पर ध्यान नहीं देता। लेकिन मैंने दुनिया के इस हिस्से में टीमों को रग्बी खेलते हुए देखा है।'

### राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे



**कैलगेरी।** प्रियांशु राजावत को यहां पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ सीधे गेम मे हार का सामना करना पड़ा जिससे कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत को दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी लेनियर के खिलाफ 45 मिनट में 17-21, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। राजावत ने इससे पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच एकमात्र मुकाबले में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के क्वालीफिकेशन में लेनियर को हराया था।

### क्रिकेट कोच के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था।

**234 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में मेजबान के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर**

# भारत ने जिम्बाब्वे को 100 रन से रौंदा, अभिषेक का शतक

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत ने रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था। फिर भारत ने जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया।

बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली भारतीय टीम को 13 रन से हार मिली थी। भारत ने मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकेट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को हरा दिया। भारत ने इस तरह टी20 में जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की।



**अभिषेक-ऋतुराज ने जोड़े 137 रन**

पिछले मैच में पदार्पण के दौरान चार गेंद में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए ऋतुराज गायकवाड़ (नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई।

### सुदर्शन का डेब्यू

युवा ओपनर साई सुदर्शन को रविवार को हरारे में अपना टी20 डेब्यू करने का मौका मिला। कप्तान शुभमन गिल ने तमिलनाडु के इस ओपनर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की जगह प्लेइंग 11 में शामिल किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का मेयर्स बो मास्काद्जा | 100 | 47 | 7 | 8 |
| गिल का बेनेट बो मुजारबानी | 02 | 04 | 0 | 0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 77 | 47 | 11 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 48 | 22 | 2 | 5 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 234/2

गेंदबाजी : बेनेट 2-0-22-0, मुजारबानी 4-1-30-1, चतारा 4-0-38-0, रजा 3-0-34-0, जोंग्वे 4-0-53-0, मेयर्स 1-0-28-0, मास्काद्जा 2-0-29-1.

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इनोसेंट काइया बो मुकेश | 04 | 03 | 1 | 0 |
| वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई | 43 | 39 | 3 | 1 |
| ब्रायन बेनेट बो मुकेश | 26 | 09 | 1 | 3 |
| मेयर्स का रिंकू बो आवेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रजा का जुरेल बो आवेश | 04 | 04 | 1 | 0 |
| कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर | 10 | 18 | 0 | 0 |
| मडांडे पगबाधा बो बिश्नोई | 00 | 04 | 0 | 0 |
| मास्काद्जा रन आउट | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश | 33 | 26 | 4 | 0 |
| मुजारबानी का सुंदर बो आवेश | 02 | 04 | 0 | 0 |
| टेंडाई चतारा नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 18.4 ओवर में 134/10

गेंदबाजी : मुकेश 3.4-0-37-3, अभिषेक 3-0-36-0, आवेश 3-0-15-3, बिश्नोई 4-0-11-2, सुंदर 4-0-28-1, पराग 1-0-5-0.

# जोकोविच 4 सेट में संघर्ष कर जीते स्वियाटेक का थमा अजेय अभियान

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन



सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

दूसरी तरफ स्वियाटेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। इसके साथ ही स्वियाटेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया।

### स्वियाटेक को रास नहीं आता ग्रास कोर्ट



*पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियाटेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट काफी रास नहीं आता है। 2022 में भी एलिज कोर्नेट ने तीसरे दौर में उन्हें हराकर उनके लगातार 37 मैच के विजयी अभियान पर रोक लगाई थी। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्यूर को 6-1, 7-6 से हराया।*

# एल्ड्रिन और अंकिता ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबी कूद के एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन और 5000 मीटर धावक अंकिता ध्यानी ने रविवार को विश्व रैंकिंग कोटे के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया जिससे भारतीय एथलेटिक्स टीम में सदस्यों की संख्या बढ़कर 30 हो गई।





लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एल्ड्रिन और अंकिता का नाम विश्व एथलेटिक्स द्वारा प्रकाशित नवीनतम सूची में शामिल है। राष्ट्रीय महासंघों ने अंतरराष्ट्रीय संस्था को अपने उन एथलीटों के बारे में सूचित किया जो कट बनाने के बावजूद विभिन्न कारणों से पेरिस में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। इसी तरह का उदाहरण भारत के शीर्ष लंबी कूद के एथलीट एम श्रीशंकर का है, जिन्हें 8.27 मीटर के क्वालिफिकेशन मानक से सीधे प्रवेश करने के बावजूद चोट के कारण खेलों से बाहर होना पड़ा। एल्ड्रिन सूची में 31वें स्थान पर हैं, जबकि 32 खिलाड़ी ओलंपिक में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में भाग लेंगे। अंकिता को 42वें स्थान पर रखा गया जो अंतिम रैंकिंग स्थान है। दो जुलाई को दोनों ही क्वालीफिकेशन ब्रैकेट से बाहर थे।

## पाकिस्तान स्टेडियमों पर खर्च करेगा 17 अरब रुपए

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों की मरम्मत के लिए लगभग 17 अरब रुपए आवंटित किए।




पीसीबी के संचालन बोर्ड ने शनिवार को लाहौर में हुई बैठक में यह राशि मंजूर की, जिसमें महिला क्रिकेट पर खर्च के लिए 24 करोड़ रुपए भी आवंटित किए गए। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड के सदस्यों को यह भी बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी और इस महीने के अंत में कोलंबो में होने वाली आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में इस पर आगे चर्चा की जाएगी।

# भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलंपिक में लिया था हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने में अब कुछ ही समय शेष रह गया है और भारतीय एथलीट इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में अच्छी सफलता हासिल की थी और देश को उम्मीद है कि एक बार फिर भारतीय खिलाड़ी तिरंगे की शान बढ़ाएंगे।

भारत ने पहली बार ओलंपिक में वर्ष 1900 में हिस्सा लिया था जहां नॉर्मन प्रिचर्ड ने 200 मीटर स्प्रिंट




और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे। भारत का पदक के मामले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो 2020 में रहा जहां टीम ने एक स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीते थे। भारत 26वीं बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेगा। हालांकि, उसने 20 बार भारतीय झंडे तले इन खेलों में हिस्सा लिया है। इस बार भारत के 111 एथलीट पदक के लिए जोर लगाने उतरेंगे। टोक्यो ओलंपिक में कुल 124 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था और पिछली बार की तुलना में इस संख्या में गिरावट आई है। अपने पहले पांच ओलंपिक में भारत ब्रिटिश राज के अंतर्गत खेला था। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से होना है।

## रोहित की कप्तानी पर बीसीसीआई सचिव शाह को भरोसा

# चैंपियंस ट्रॉफी और डब्लूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।



शाह ने एक वीडियो संदेश में कहा, 'अगला चरण डब्लूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे।' अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन आठ साल बाद किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह 'हाईब्रिड मॉडल' लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मै श्रीलंका में खेले थे।

### कप्तानी छोड़ने के अटकलों पर लगा विराम

शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे? रोहित जब तक कप्तानी नहीं छोड़ते तब तक भारत को एक बार फिर अलग-अलग प्रारूपों में दो कप्तान देखने को मिलेंगे। रोहित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट में अगुआई करते रहेंगे जबकि हार्दिक पंड्या के टी20 प्रारूप में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्लूटीसी और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था।

# अभय ने एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण



**जोहोर।** प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए।

एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। इसके बाद अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में मलेशिया के ओंग साई हुंग और सियाफिक कमाल की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-4, 11-5 से शिकस्त दी। इसके बाद अभय और जोशना की तीसरी वरीय जोड़ी ने टोंग सेज विंग और टांग मिंग होंग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को मिश्रित युगल फाइनल में 11-8, 10-11, 11-5 से हराया।

# भंवरमाल समिति में 77 लाख से अधिक का धान गायब, 11 लोगों पर अपराध दर्ज

जिले की समितियों में बोगस धान खरीदी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पुलिस ने पुन: भंवरमाल धान खरीदी केंद्र में 77 लाख रुपए से अधिक के धान खरीदी में की गई अनियमितता के मामले में खरीदी प्रभारी समेत 11 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ ही मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक मंडल का नेता भी शामिल है। पुलिस शेष 7 आरोपियों की तलाश कर रही है।

## खरीदी केंद्र प्रभारी समेत 4 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज



बताया जा रहा है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भंवरमाल के धान उपार्जन केंद्र भंवरमाल में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कुल 75409.66 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान के उठाव के दौरान डीएमओ बलरामपुर द्वारा डीओ काटा गया तो समिति में करीब 2300 क्विंटल धान नहीं मिला। इसकी शिकायत कलेक्टर बलरामपुर से की गई। शिकायत पर सहायक आयुक्त कार्यालय, पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा मामले की जांच कराई गई तो केंद्र में 2316 क्विंटल धान एवं 22158 नग बारदाना कम पाया गया। ऐसे में अंकेक्षण अधिकारी बी तिर्की द्वारा समिति में धान खरीदी की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि समिति में कुल 75409.66 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसमें से खरीदी प्रभारी राजू गुप्ता व लालजी गुप्ता द्वारा 23331.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई और 23331.60 क्विंटल धान का उठाव किया गया। इसके बाद खरीदी प्रभारी विक्रम गुप्ता आ. संजीवन गुप्ता द्वारा 52078 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसमें से 49761.92 क्विंटल ही धान का उठाव किया गया और शेष धान समिति में गायब था। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि समिति में फर्जी किसानों का रकबा दर्ज कर बोगस धान की खरीदी की गई और शासन के राशि की हेराफेरी की गई। जांच के दौरान समिति में कुल 2316.08 क्विंटल धान कम मिला जिसकी कीमत 71 लाख 79 हजार 848 रुपए है जबकि 22158 बारदाना भी कम पाया गया जिसकी कीमत 5 लाख 53 हजार 950 रुपए है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

धान खरीदी के दौरान 77 लाख रुपए से अधिक का गबन करने के मामले में पुलिस ने खरीदी केंद्र प्रभारी भंवरमाल निवासी विक्रम गुप्ता आ. संजीवन गुप्ता, सोमारू एक्का आ. बाबूलाल एक्का, धनपुरी निवासी विजय सिंह आ. गंझू सिंह, नगरा निवासी जितेंद्र कुशवाहा आ. रामस्वरूप कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से विक्रम गुप्ता भाजयुमों का नेता है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है जबकि मामले में शेष 7 आरोपियों की तलाश जारी है।

## हीरों से ज्यादा कीमती हैं ये नए तरह के रत्न जानिए इनसे जुड़ी महत्वपूर्ण बातें



नई दिल्ली। अगर आपको लगता है कि हीरे सबसे ज्यादा लोकप्रिय होते हैं तो आपको बता दें कि कुछ रत्न ऐसे हैं, जिनके बारे में शायद आप न जानते हों, लेकिन उनका मूल्य और लोकप्रियता काफी बढ़ रही है। उदाहरण के लिए, 2016 में ज्वेलर ओलिविया यंग ने 6,000 पाउंड (लगभग 6 लाख रुपये) में एक लाल स्पाइनल रत्न की अंगूठी बेची थी, जिसे पिछले साल ग्राहक की इंश्योरेंस कंपनी ने बदलने के लिए 30,000 पाउंड यानी 31.86 लाख रुपये दिए हैं।







** नई दिल्ली। फ्रांस में स्थित एक विशाल बांज के पेड़ का नाम अब गिनीज बुक में शामिल हो गया है। रेनस नामक जगह पर स्थित यह पेड़ आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे ऊंचा बांज का पेड़ है। यह विशालकाय पेड़ 21 मीटर ऊंचा है, जो कि किसी 7 मंजिला इमारत के बराबर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पुर्तगाल के सोब्रेइरो मोनुमेंटल उर्फ 'द व्हिस्लर ट्री' के नाम था, जिसकी लंबाई 16.2 मीटर (53 फीट) थी।




## द्वितीय विश्व युद्ध की सैकड़ों सैन्य वस्तुओं की होगी नीलामी, सूची में शामिल हैं नायाब चीजें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 1939-1945 तक चलने वाला द्वितीय विश्व युद्ध एक खतरनाक सशस्त्र संघर्ष था। यह युद्ध जर्मनी, इटली, जापान और फ्रांस, ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ व चीन के बीच लड़ा गया था। इस युद्ध को खत्म हुए 74 साल हो चुके हैं, लेकिन अब भी इससे जुड़ी कई चीजें दुनियाभर के अलग-अलग हिस्सों में मिलती रहती हैं। इसी कड़ी में अब ग्वेर्नसे में विश्व युद्ध 2 से संबंधित 100 से ज्यादा वस्तुएं पाई गई हैं, जिन्हें जल्द ही नीलाम किया जाएगा।

### ऑनलाइन कराई जाएगी नीलामी

नीलामी में दर्जनों गोलियों के खोखे, 1940 के दशक की सिग्नल नामक जर्मन पत्रिका, फील्ड टेलीफोन, गैस मास्क और खाली मास्क कंटेनर समेत कई अन्य चीजें शामिल की गई हैं। इन सैन्य वस्तुओं की नीलामी केवल ऑनलाइन हो रही है और डेविड ने बताया है कि इन्हें खरीदने के लिए यूके, जर्मनी, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया से लोगों ने पहले ही दिलचस्पी दिखाना शुरू कर दिया है। इन वस्तुओं में ग्रीस में बनी कई धातु की बंदूकें भी पाई गई थीं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com